संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 177 बुधवार 30 अप्रैल 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पहलगाम हमले का अब होगा फैसला

» तरीका,टारगेट और समय सेना तय करे...

» पीएम मोदी ने दिया क्लियर मैसेज...

» पीएम मोदी ने सेनाओं को आतंकवाद के खिलाफ खुली छूट दी...

» पहलगाम हमले के बाद सेना की कार्रवाई की योजना बनाई जा रही...

» भारत की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आतंकवाद को कुचलने का संकल्प...



## पहलगाम हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई

पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस हमले में आतंकवादियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया, जिसके बाद देश भर में आक्रोश देखा गया। सूत्रों के अनुसार, भारत ने हमले के बाद अपनी खुफिया एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है और सीमा पार आतंकी ठिकानों पर नजर रखी जा रही है। सेना ने जम्मू-कश्मीर में अपनी चौकसी बढ़ा दी है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा, खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकवादियों के खिलाफ लक्षित ऑपरेशन शुरू किए जाने की संभावना है।

**नई दिल्ली,29 अप्रैल 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सेनाओं को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद, पीएम ने स्पष्ट किया कि सेना को जवाबी कार्रवाई का समय, लक्ष्य और तरीका स्वयं तय करने की खुली छूट है। उन्होंने कहा कि सेना आतंकवादियों को करारा जवाब देने के लिए किसी भी आवश्यक कदम को उठाने में सक्षम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि थल सेना, नौसेना और वायुसेना को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए किसी भी प्रकार की बाधा नहीं होगी। यह फैसला पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लिया गया, जिसमें निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया। पीएम ने जोर देकर कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग है और सेनाएं इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने सेना की क्षमता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि देश को अपनी सशस्त्र सेनाओं पर पूरा भरोसा है।

### उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया फैसला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संबंध में मंगलवार एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख,नौसेना प्रमुख और वायुसेना प्रमुख शामिल थे। बैठक में पहलगाम हमले की विस्तृत समीक्षा की गई और आतंकवाद के खिलाफ तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की रणनीति पर चर्चा हुई। पीएम ने बैठक में दोहराया कि भारत का संकल्प आतंकवाद को पूरी तरह कुचलने का है। पीएम ने देश की सेनाओं की क्षमता और ताकत पर पूरा भरोसा जताया।

इस मीटिंग के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अलग से मीटिंग गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी हुई। सूत्रों के अनुसार इस मीटिंग में पहलगाम आतंकी हमले के बाद उपजी सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा हुई। इसके बाद संघ संचालक मोहन भागवत भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने पहुंचे थे।

## आतंक बर्दाश्त नहीं:कहा था पीएम ने...

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी ने साफ लहजे में कहा था कि किसी भी हाल में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीएम मोदी सऊदी अरब की यात्रा पर थे जब पहलगाम में आतंकियों ने नापाक हरकत के अंजाम दिया और 26 निर्दोष पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस जघन्य अपराध को लेकर पूरे देश में आक्रोश देखा जा रहा है।

## आगामी कदम और कैबिनेट बैठक

बुधवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर और विस्तार से चर्चा होने की उम्मीद है। इसके बाद राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक भी हो सकती है, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। सीसीएस की बैठक में सेना के ऑपरेशनल प्लान और खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट्स की समीक्षा की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि भारत इस हमले का जवाब न केवल त्वरित, बल्कि इतना प्रभावी देगा कि आतंकवादी संगठनों को स्पष्ट संदेश मिले।

## पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में बड़ा फैसला

### 48 पर्यटक स्थलों को किया गया बंद



**श्रीनगर,29 अप्रैल 2025(ए)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रदेश भर में सुरक्षा एजेंसियों का बड़ा एक्शन जारी है। आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे व्यापक तलाशी अभियानों के बीच जम्मू-कश्मीर सरकार ने घाटी के 48 पर्यटक स्थलों को अस्थायी रूप से बंद करने का बड़ा फैसला लिया है। सरकारी आदेश के मुताबिक, इन स्थलों को सुरक्षा समीक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों के चलते बंद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि घाटी के 87 पर्यटन स्थलों में से 48 पर फिलहाल पर्यटकों की आवाजाही पर रोक रहेगी। यह कदम संवेदनशील इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा हालात सामान्य होने पर इन स्थलों को फिर से खोला जाएगा। वहीं, अन्य पर्यटन स्थलों पर फिलहाल पर्यटकों को घूमने की अनुमति बनी रहेगी। सुरक्षा बलों का आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन भी तेज जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के सफाए के लिए सेना, पुलिस और अन्य एजेंसियां संयुक्त अभियान चला रही हैं। कई आतंकियों को ढेर किया जा चुका है और लगातार तलाशी अभियान जारी हैं। सरकार और सुरक्षाबलों का मुख्य लक्ष्य क्षेत्र में शांति बहाल करना और नागरिकों तथा पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### जिन प्रमुख पर्यटक स्थलों को बंद किया गया है,उनमें शामिल हैं

बांदीपोरा: गुरेज घाटी
बडगाम: यूसमार्ग,तौसीमैदान,दूधपथरी
कुलगाम: अहरबल,कौसरनाग
कुपवाड़ा: बंगस,करिवान गोताखोर,चंडीगाम
हंदवाड़ा: बंगस घाटी
सोपोर: वुलर/वाटलैब,रामपोरा और राजपोरा,चेरहार,मुंडिज-हमाम-मरकूट झरना, खंपू,बोस्निया,विजीटॉप
अनंतनाग: सूर्य मंदिर खीरीबल,वेरीनाग गार्डन,सिंथन टॉप,मार्गनटॉप,अकाड पार्क
बारामूला: हब्बा खातून प्वाइंट,बाबरेशी तंगमार्ग,रिंगावली तंगमार्ग,गोगलदारा तंगमार्ग,बदेरकोट तंगमार्ग,श्रुंज झरना,कमानपोस्ट उरी,नामब्लान झरना, इको पार्क खडनियार
पुलवामा: संगरवानी
श्रीनगर: जामिया मस्जिद,बादामवारी,राजोरी कदल होटल कनाज़,आली कदल जे जे फूड रेस्तरां,आइवरी होटल गंदताल, पदशापाल रिसॉर्ट्स,चेरी ट्री रिज़ॉर्ट,नॉर्थ क्लिफ कैफे,वन पहाड़ी कुटिया,इको विलेज रिज़ॉर्ट,अस्तानमार्ग पैराग्लाइडिंग स्पॉट, ममनेथ और महादेव पहाड़ियाँ,बौद्ध मठ हरवान,दाचीगाम ट्राउट फार्म से परे क्षेत्र,अस्तानपोरा (कयाम गाह रिसॉर्ट)
गांदरबल: लछपत्री लेटरल,हंग पार्क,नारानाग

## पहलगाम आतंकी हमले में बड़ा खुलासा

### लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी कमांडो हाशिम मूसा निकला मास्टरमाइंड



**पहलगाम,29 अप्रैल 2025(ए)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने एक अहम खुलासा किया है। जांच में सामने आया है कि इस हमले का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि पाकिस्तान का पूर्व स्पेशल सर्विस ग्रूप कमांडो हाशिम मूसा है, जो अब लश्कर-ए-तैयबा के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। यह आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या का मुख्य साजिशकर्ता बताया जा रहा है।

## शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रही सरकार



**नई दिल्ली,29 अप्रैल 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश के भविष्य के लिए युवाओं को तैयार करने में शिक्षा प्रणाली एक अहम भूमिका निभाती है और सरकार इसे आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रही है। युग्म सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य 'एआई को भारत के लिए कारगर (मेक एआई वर्क फॉर इंडिया) बनाना है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए यह जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें।




## कांग्रेस ने शेयर की पीएम मोदी की गायब तस्वीर

### गुस्से से लाल बीजेपी बोली-ये सिर तन से जुदा वाली सोच

**नई दिल्ली,29अप्रैल 2025 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भले ही विपक्ष सरकार के साथ खड़ा हो, लेकिन इसी बीच कांग्रेस की ओर से एक्स पर ऐसा पोस्ट किया गया,जिस पर सियासी घमासान शुरू हो चुका है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर जो पोस्ट शेयर की है,वो विवाद की वजह बन गई है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जिम्मेदारी के समय गायब. इसके साथ जो फोटो शेयर की है,उसमें बिना सिर वाली एक तस्वीर शेयर की गई है. ये तस्वीर पीएम मोदी के पहनावे से मेल खाती है, इस पोस्ट पर बीजेपी ने भी जोरदार पलटवार करते हुए कांग्रेस को घेरा है।



## दिल्ली में अब नहीं चलेगी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी

### कैबिनेट ने फीस एक्ट को दी मंजूरी, उल्लंघन पर देना होगा 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली,29 अप्रैल 2025(ए)।** दिल्ली सरकार ने निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने की समस्या से अभिभावकों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। दिल्ली कैबिनेट ने फीस वृद्धि को नियंत्रित करने वाला एक मसौदा तैयार किया है, जिसे जल्द ही विधानसभा की आपात बैठक में कानून का रूप दिया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह घोषणा की। नए नियमों के तहत, स्कूलों को 31 जुलाई तक फीस निर्धारित कर 15 सितंबर तक स्कूल स्तरीय समिति में प्रस्तुत करना होगा। समिति 30-45 दिनों में फीस पर फैसला लेगी, जिसके बाद यह जिला और फिर राज्य स्तरीय समिति के पास जाएगा। अक्टूबर-नवंबर तक अभिभावकों को फीस की स्पष्ट जानकारी मिल जाएगी।उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई यदि कोई स्कूल समिति के निर्णय का पालन नहीं करता, तो उस पर 1 से 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगेगा। साथ ही, फीस न चुका पाने के कारण किसी बच्चे को कक्षा से बाहर करने पर प्रति बच्चा 50 हजार रुपये का जुर्माना देना होगा।

## विपक्ष के 3 नेताओं के मुरीद हुए आलोचक

**नई दिल्ली,29 अप्रैल 2025(ए)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक सुर में आतंकियों पर एक्शन की मांग कर रहा है। विपक्ष के जो नेता सरकार की खिलाफत करते रहे हैं वह भी इस मुद्दे पर सरकार के साथ खड़े हैं। बीजेपी के मुखर आलोचक और अपनी बात बेबाकी से कहने वाले विपक्ष के तीन नेता मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला,असदुद्दीन ओवैसी और कांग्रेस नेता शशि थरूर इस मामले पर अपनी तीखी टिप्पणियों को लेकर चर्चा में हैं।



## एक और सास अपने होने वाले दामाद के साथ भागी

### यहां भी फोन की बातचीत से प्यार चढ़ा परवान

**बस्ती,29अप्रैल 2025 (ए)।** जैसे अलीगढ़ में सास अपने होने वाले दामाद के साथ भागी थी ठीक उसी तरह का एक मामला यूपी के ही बस्ती में सामने आया है। यहां भी एक महिला अपने ही होने वाले दामाद के साथ फरार हो गई। यह घटना बस्ती के दुबौलिया थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर लड़के और महिला की तलाश शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दुबौलिया इलाके के रहने वाले एक लड़के का रिश्ता चार महीने पहले गोंडा जिले के एक गांव की लड़की से तय हुआ था। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई थी, लेकिन इसी दौरान लड़की की मां भी लड़के से बातचीत करने लगी। शुरुआत में घर वालों को इस पर कोई संदेह नहीं हुआ, लेकिन धीरे-धीरे बातचीत का समय बढ़ने और व्यवहार में बदलाव को देखकर परिवार वालों को शक हुआ। परिजनों के मुताबिक,जब बात खुलकर सामने आई तो लड़की वालों ने लड़के के साथ अपनी बेटी का रिश्ता तोड़ दिया। इसके बाद लड़की का रिश्ता दूसरी जगह तय कर दिया गया। शादी की तारीख मई महीने में रखी गई।



हालांकि लड़के और महिला के बीच बातचीत बदस्तूर जारी रही। आरोप है कि तीन दिन पहले ही लड़का अपनी होने वाली सास के साथ घर से भाग गया।

परिजनों ने पहले अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस युवक के घर पर भी पहुंची लेकिन वह वहां भी नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि दोनों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें बरामद कर लिया जाएगा। युवक और महिला की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। मोबाइल लोकेशन खंगाली जा रही है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। बस्ती की यह घटना हाल ही में अलीगढ़ के मामले से काफी मिलती-जुलती है। वहां भी एक महिला अपने होने वाले दामाद के साथ भाग गई थी। वहां भी सगाई के बाद लड़की की मां और दामाद के बीच बातचीत शुरू हुई थी, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई थी। अलीगढ़ मामले की तरह ही बस्ती में भी परिवार और समाज को गहरी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के बीच इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा और दोनों को बरामद कर लिया जाएगा। फिलहाल, दोनों के मोबाइल नंबर भी बंद बताए जा रहे हैं, जिससे उनकी लोकेशन ट्रेस करने में परेशानी हो रही है।

## महत्वपूर्ण खबर

### अब पानी में चलेगी मेट्रो



#### भारत के इस शहर में शुरू होने जा रही सर्विस, लोगों में खुशी

**मुंबई ,29 अप्रैल 2025(ए)।** महाराष्ट्र सरकार राज्य में जल्द वाटर मेट्रो सर्विस शुरू करने जा रही है। जिसकों लेकर मुंबई में कोच्चि की तर्ज पर वॉटर मेट्रो सर्विस शुरू करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसे लेकर केरल के कोच्चि वॉटर मेट्रो से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने का अनुरोध किया गया है। यह घोषणा महाराष्ट्र के बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने की तरफ से की गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए एक स्पेशल पर्पस व्हीकल की स्थापना की जाएगी,जिसमें राज्य और केंद्र सरकार समान रूप से निवेश करेंगी।

### गुजरात में 'मिनी बांग्लादेश' पर 'बुलडोजर स्ट्राइक', 800 से ज्यादा किये गये गिरफ्तार



**नई दिल्ली,29 अप्रैल 2025(ए)।** गुजरात पुलिस ने सूरत और अहमदाबाद से 1000 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, अब पुलिस ने चंदोला झील के पास बनी बांग्लादेशी बस्ती पर धावा बोल दिया है। एएमसी ने इस अभियान के तहत चंदोला झील के पास अवैध बस्तियों को ध्वस्त कर दिया। इस अभियान को लेकर संयुक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम) शरद सिंघल ने बताया कि डोला झील इलाके में अधिकांश बांग्लादेशी रहते हैं। पुलिस ने बुलडोजर एक्शन लेते हुए 800 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पहलगाम हमले पर बुलाया जाए संसद का विशेष सत्र



#### राहुल गांधी और खरगे ने मोदी को भेजा पत्र

**नई दिल्ली,29 अप्रैल 2025(ए)।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में दहशत का माहौल है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आतंकी हमले पर चर्चा करने का अनुरोध किया। साथ ही पत्र में संसद का विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने पेगासस जासूसी रिपोर्ट सार्वजनिक करने से इनकार किया

**नई दिल्ली,29 अप्रैल 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने पेगासस जासूसी मामले की टेक्निकल कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान संभव है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट को 'सड़कों पर चर्चा' के लिए नहीं खोला जा सकता। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई 2025 को होगी।



### रेस्टोरेंट में 22 लोग जिंदा जले

**चीन,29 अप्रैल 2025(ए)।** चीन में लियाओनिंग प्रांत के एक रेस्तरां में मंगलवार को भीषण आग लग गई। इसकी चपेट में आने से 22 लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हैं। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।



# संपादकीय

## निशिकांत दुबे का तल्ख अंदाज

वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा सवाल उठाए जाने पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तल्ख अंदाज में सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून यदि शीर्ष अदालत ही बनाएगी को संसद भवन को बंद कर देना चाहिए।दुबे ने एक्स' कर अपने पोस्ट में अपने कथन की बिना व्याख्या किए यह सब लिखा है। इसी तरह का बयान भाजपा के राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा ने भी दिया है। अपने नेताओं के बयानों से घिरी भाजपा ने औपचारिक रूप से खुद को इन बयानों से अलग कर लिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शब्द कहा कि दुबे या शर्मा के बयान उनके व्यक्तिगत विचार है,और पार्टी इनसे सहमत नहीं है।भाजपा सांसदों के बयानों पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पलटवार करते हुए इन बयानों को अपमानजनक बताया। दुबे और शर्मा की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं,जब वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत में सुनवाई चल रही है। यह अधिनियम इस महीने की शुरुआत में संसद ने पारित किया था। अदालत द्वारा इस कानून के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सवाल उठाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने अगली सुनवाई तक उन्हें लागू न करने पर सहमति व्यक्त की है।इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा था कि देश में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी,जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद' के रूप में काम करेंगे। दरअसल, धनखड़ सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का जिक्र कर रहे थे जिसमें राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर विधेयक पर फैसला लेने की समय-सीमा तय की गई है। उनका कहना था कि पहली दफा है जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है।शीर्ष अदालत द्वारा कोई सवाल उठाने या मौखिक टिप्पणी करने पर असहज होना परिपक्वता की कमी का परिचायक है। वैसे भी ये सवाल किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति द्वारा नहीं उठाए थे कि इनमें राजनीतिक अर्थ खोजे जाएं। सुप्रीम कोर्ट और देश की तमाम अदालतें हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं। संविधान के संरक्षण का मजबूत आधार हैं। उत्पीड़ित महसूस कर रहा पक्ष अदालत का दरवाजा खटखटाता है। उसे विश्वास होता है कि उसका पक्ष अनसुना नहीं रहेगा। अदालतों पर उसका विश्वास है, जो किसी सूरत डमगमाना नहीं चाहिए। राजनीतिक मंतव्यवश हल्की बयानबाजी से बचा चाहिए।

अक्षय तृतीया पर आज विशेष

# पौराणिक महत्व का त्योहार है अक्षय तृतीया



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान



अक्षय तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है,जिसे सतयुग,त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैसाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। अक्षय शब्द का अर्थ होता है जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य,का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है।

हमारे देश में समय-समय पर बहुत से त्यौहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते है। हिन्दू धर्मावलम्बियोंके प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्यौहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल था।

अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं। क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाये थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी। और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।

जैन धर्म में अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसे दान और पुण्य कार्य करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। अक्षय तृतीया के दिन यूं तो आप किसी भी देवी-देवता की पूजा कर सकते हैं। लेकिन विशेष रूप से इस दिन माता लक्ष्मी,भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा करने का विधान है। अन्य त्योहारों की तरह इस त्यौहार में भी दीपक जलाते हैं। इस दिन किया गया परोपकार हमारे लिए जीवन को सुखी बना देता हैं। इसीलिए इस दिन लोग गरीबों को भोजन कराते हैं तथा उनकी सहायता करते हैं।

माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य हमारे लिए स्वर्ग में जगह बनाते हैं। इस दिन कई लोग जागरण रखकर हवन करते हैं तथा गरीबों को दान देते हैं। कई लोग अपने नए घर में मुहूर्त के हिसाब से प्रवेश करते हैं। अक्षय तृतीया का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। द्वापर युग का समापन और महाभारत युद्ध का समापन भी इसी तिथि को हुआ था। देश के अनेक हिस्सों में इस तिथि का अलग-अलग महत्व है। जैसे उड़ीसा और पंजाब में इस तिथि को किसानों की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। तो बंगाल में इस दिन गणपति और लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है।

इतना पवित्र पर्व होने के उपरांत भी इस दिन बड़ी संख्या में होने वाले बाल विवाह इस पर्व के महत्व को कम करते हैं। अबूझ सावा मानकर बड़ी संख्या में लोग अपने नाबालिक बच्चों की इस दिन शादी कर देते हैं। कम उम्र के बच्चों के विवाह रोकने के लिए इस दिन प्रशासन को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। राजस्थान सहित कई प्रदेशों में तो अक्षय तृतीया का दिन बाल विवाह के लिए बदनाम हो चुका है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है।

देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। ऐसे पवित्र दिन का महत्व बनाए रखने के लिए समाज को इस दिन होने वाली कुरीतियों पर रोक लगाकर एक सकारात्मक संदेश देना होगा। तभी सार्थकता बनी रह पाएगी।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# लहूलुहान कश्मीर और कश्मीरियों की चीख पुकार में उठते अनेकों सवाल



केशी गुप्ता
द्वारका,दिल्ली

कश्मीर पहलगाम आतंकी हमले के दर्द ने सभी भारतीयों के दिलों को झंझोड़ दिया है। मगर कश्मीर पर बीती आपबीती ने कश्मीरियों को एक ऐसा ज़ख्म दिया है जो उनके सीने को लहूलुहान कर गया है । यूं तो भारत पाकिस्तान के राजनीतिक संबंध सदैव से ही टकराव में रहे है । जिसका मुआवजा कश्मीर सदियों से चुका रहा हैं। ये सिलसिला बंटवारे से शुरू हुआ तो कभी थमा ही नहीं । एक जख्म के बाद दूसरा जख्म पाने वाले कश्मीरी इतने लहूलुहान हो चुके है कि हर रूह सिसक रही है । कश्मीरी लोकल आज सरकार से अनेकों सवाल कर रहे है कि आखिर उनकी क्या गलती है ? उन्हें कब तक अपने भारतीय होने का सबूत देना होगा ? इस आतंकी हमले के वक्त सुरक्षा बल कहा थे ? जबकि आए दिन रोजमर्रा में भी संपूर्ण कश्मीर में जगह जगह सुरक्षा बल तैनात रहते है । जगह जगह बैंकर्स का एक बड़ा जाल है । हर जगह कैमरे लगे हुए है । आने जाने वाले लोगों की चेकिंग की जाती है। तो 22 अप्रैल के दिन सुरक्षा बल क्यों हटा दिए गए ? क्या कारण है कि एक लंबे समय तक हमले के बाद भी सुरक्षा जवान वहां नहीं पहुंचे? जबकि लोकल लोगों के मुताबिक पहलगाम में जिस जगह पर हमला हुआ वही पास में ही छावनी है । कश्मीरियों के दिल,रूह चीख चीख कर सरकार से सुरक्षा में हुई चूक का जवाब मांग रही है । ऐसे कई सवाल है जो देश भर के जागरूक नागरिक भी सरकार से पूछ रहे है । अगर इस हमले पर गहन अध्ययन किया जाए तो ये कहना गलत नहीं होगा कि सुरक्षा में हुई इस बड़ी चूक को नज़र अंदाज नहीं किया जा सकता है। इस चूक को ले कर एक मत के लोग इस हमले को राजनीतिक दांव पेच भी बता रहे है । कश्मीरी लोकल इस समय कई तरह की अन्य तकलीफों से भी हताहत है । सभी कश्मीरियों को शक के दायरे में लिया जा रहा है । कश्मीरियों का कहना है कि हिंदू मुस्लिम उठते मुद्दे का शिकार उन्हें बनाया जा रहा है। उनके घर परिवार के लोग जो वहां थे या है भी नहीं उन से सिर्फ मुस्लिम होने की वजह से पूछताछ की जा रही है। आदिल घुड़सवार भी मुसलमान ही था , जो इस हमले का शिकार हुआ । कश्मीर पर्यटन के कारण ही चलता है । अगर वहां पर्यटक आना छोड़ देंगे तो कश्मीरी लोकल कैसे अपना जीवन निर्वाह कर पाएंगे? कश्मीरी लोकल प्रयटकों को अपना अतिथि मानते हैं। आज संपूर्ण कश्मीर एक जुट हो कर सड़कों पर अपनी बात कहने के लिए प्रदर्शन कर रहा है ।ये बड़े ही दुख की बात है की जिस कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है उसे राजनीतिक दांव पेच ,आतंकी हमलों ,हिन्दू मुस्लिम मुद्दे जैसे अनेकों कारणों की वजह से सदियों से चैन नहीं मिला है । धरती का स्वर्ग खुद खौफ ओर दहशत के साय में है।कत्ल करने वालों का ना कोई मज़हब होता है इंसान के चोले में हैवान/शैतान घुसा होता है।

## अक्षय तृतीया 30 अप्रैल पर विशेष

# बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य करने का दिन है अक्षय तृतीया



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

प्रत्येक वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' पर्व मनाया जाता है,जो इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया की शुरुआत 29 अप्रैल की शाम पांच बजकर 31 मिनट पर हो रही है, जो 30 अप्रैल की दोपहर दो बजकर 12 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए अक्षय तृतीया की पूजा और खरीदारी करना 30 अप्रैल को ही सबसे शुभ है। अक्षय तृतीया की पूजा के लिए 30 अप्रैल को प्रातः पांच बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक का समय बहुत शुभ है। मांगलिक कार्यों के लिए अक्षय तृतीया पर्व को हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य आयोजित किया जा सकता है। यह पर्व आस्था,परंपरा और अध्यात्म का संगम है। सनातन धर्मानुसार, वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' या 'आखा तीज' कहते हैं।

पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है। इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और इस दिन बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य सम्पन्न किया जा सकता है, इसीलिए लोग बिना पंचांग देखे अक्षय तृतीया के दिन विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार,धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, घर,भूखंड या नए वाहन आदि की खरीदारी करते हैं। मान्यताओं के अनुसार, इसी तृतीया तिथि को माता पार्वती ने अमोघ फल देने की सामर्थ्य का आशीर्वाद दिया था, जिसके प्रभाव से अक्षय तृतीया के दिन किया गया कोई भी कार्य निष्फल नहीं होता। पुराणों के अनुसार, इस दिन सूर्योदय से पहले



उठकर स्नान,दान,जप व स्वाध्याय करना शुभ फलदायी होता है।

भविष्यपुराण के अनुसार,अक्षय तृतीया को युगादि तिथि माना गया है, यानी इसी तिथि से सतयुग व त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान विष्णु के तीन अवतारों,नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत से शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी पूजा करने से धन वृद्धि होती है। अक्षय तृतीया के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है, जो बहुत खास है। इसके अतिरिक्त,जो अन्य शुभ योग बनने वाले हैं,उनमें शोभन योग दोपहर 12 बजकर दो मिनट तक रहेगा। रवि योग शाम को चार बजकर 18 मिनट से शुरू होकर पूरी रात रहने वाला है। इस दिन सोना खरीदना बहुत शुभ माना गया है। अक्षय तृतीया तिथि संपूर्ण पापों का नाश करने वाली और समस्त सुख प्रदान करने वाली मानी गई है। विभिन्न शास्त्रों के अनुसार, इस दिन हवन,जप,दान,स्वाध्याय, तर्पण इत्यादि जो भी कर्म किए जाते हैं, वे सब अक्षय हो जाते हैं।

मान्यता है कि द्वापर युग इसी तिथि को समाप्त हुआ था, जबकि त्रेता, सतयुग और कलियुग का आरंभ इसी तिथि को हुआ था,इसीलिए इसे 'कृतयुगादि तृतीया' भी कहा जाता है। भारत में कई स्थानों पर अक्षय तृतीया को 'आखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है। भविष्य पुराण के अनुसार, इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। इस तिथि की अधिष्ठात्री देवी पार्वती मानी गई हैं और इस दिन मां लक्ष्मी की भी विधिवत पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पृथ्वी पर देवताओं ने 24 रूपों में अवतार लिया था,जिनमें छठा अवतार भगवान परशुराम का था, जिनका जन्म अक्षय तृतीया के ही दिन हुआ था। ब्रह्मा के पुत्र अक्षय कुमार का प्राकट्य भी इसी दिन हुआ माना जाता है। भगवान विष्णु के चरणों से गंगा भी इसी दिन धरती पर अवतरित हुई थी। इस पर्व को लेकर लोक धारणा है कि इस तिथि को यदि चंद्रमा के अस्त होते समय रोहिणी आगे होगी तो फसल अच्छी होगी।

## कविता
## खूनी कश्मीर...

घटती-घटना



यदुमनी चौहान
सारंगढ़,बिलाईगढ़
छत्तीसगढ़

जब सविता की प्रथम प्रभा
पड़ती है कश्मीर पर।
श्वेत सरोज पर क्रीड़ा करता
सुनहरी धूप हिम प्राचीर पर।
पिघल-पिघल कर वाष्प बने
हिम कणिका उस धरती पर।
अनल लगा हो नीर में जैसे
धुआं उठे कश्मीर की छाती पर।
धीरे-धीरे जाग रहे हों
वनस्थली अंग भले वहां।
मानो मुख धो पूछ रहे
चलो पवमान चलें कहां?
वसुंधरा का स्वर्ग यही है
कुदरत की छवि छटा यहां।
फिर भी ऊपर अंबर में
घनघोर काली घटा यहां।
खगों के कलरव में भी
अशांति की लहर है।
झुलसे-झुलसे चेहरे हैं
मानो कोई कहर है।
कश्मीर के कण-कण में जैसे
चहुंओर शोभित लाली है।
वैसे ही पग-पग में
खून की होली दीवाली है।
बरसों से जो चली आ रही
यह खेल बहुत पुरानी है।
फिर भी रगों में दौड़ रहा
क्योंकि खून हिन्दुस्तानी है।

# सिविल सेवाओं से इस्तीफे:युवा अधिकारियों की निराशा और प्रशासनिक संकट

» भारत में इस्तीफा देने वाले आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का संकट

» सिविल सेवा का संकट: इस्तीफों के बढ़ते सिलसिले के कारण और प्रभाव

» सिविल सेवा में इस्तीफों का मंथन:राजनीति, प्रशासन और मानसिक तनाव का समीकरण

» नौकरशाही के दिग्गजों का पलायन:भारत की सिविल सेवा में बदलाव की आहट

» सिविल सेवाओं से इस्तीफे: युवा अधिकारियों की निराशा और प्रशासनिक संकट



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर,हिसार,हरियाणा

भारत में सिविल सेवाओं से इस्तीफों की बढ़ती संख्या एक गंभीर मुद्दा बन गई है। कई आईएएस और आईपीएस अधिकारी,जिनमें कम्य व मिश्रा,रोमन सैनी और अन्य युवा अधिकारी शामिल हैं,अपने पदों से इस्तीफा दे रहे हैं। इसके पीछे राजनीतिक दबाव, प्रशासनिक हताशा,स्वायत्तता की कमी और मानसिक स्वास्थ्य संकट जैसे कारण हैं। इन अधिकारियों का पलायन न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्षों को उजागर करता है, बल्कि यह भारतीय शासन मॉडल के लिए भी एक चेतावनी है। यह स्थिति सरकारी तंत्र के लिए एक बड़ा संकट साबित हो सकती है। भारत में आईएएस और आईपीएस जैसे उच्च प्रशासनिक पदों पर बैठे अधिकारी कभी सम्मान और जिम्मेदारी के प्रतीक माने जाते थे। ये अधिकारी न केवल सरकार की नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होते हैं, बल्कि वे भारतीय समाज में बदलाव लाने के लिए भी कार्यरत रहते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, इन अधिकारियों द्वारा पदों से इस्तीफे देने की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। यह इस्तीफे किसी सामान्य बदलाव का परिणाम नहीं हैं,बल्कि इनके पीछे कई गहरे और गंभीर कारण छिपे हुए हैं।

क्या कारण हैं कि ये आईएएस और आईपीएस अधिकारी अपने पदों से इस्तीफा दे रहे हैं? क्या यह भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था और शासन प्रणाली के लिए खतरे की घंटी है? क्या इससे यह संकेत मिलता है कि सिस्टम ईमानदार और सक्षम अधिकारियों को बाहर कर रहा है? यह सवाल उन सभी नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण हैं,जो सार्वजनिक सेवा में विश्वास रखते हैं।

### इस्तीफों की बढ़ती संख्या: कारणों की गहराई में...

भारतीय सिविल सेवा से इस्तीफा देने वाले अधिकारियों की संख्या बढ़ने के कारणों में राजनीति,प्रशासनिक हताशा, स्वायत्तता की कमी,और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं प्रमुख हैं। इन कारणों पर विस्तृत रूप से चर्चा करना महत्वपूर्ण है ताकि हम समझ सकें कि क्यों भारतीय प्रशासन में इस समय इतनी अनिश्चितता और असंतोष का माहौल है।

### राजनीतिक दबाव और प्रशासनिक हस्तक्षेप

भारतीय सिविल सेवा से इस्तीफा देने वाले अधिकारियों के सबसे बड़े कारणों में से एक राजनीतिक दबाव है। कई आईएएस और आईपीएस अधिकारी इस बात से परेशान हैं कि राजनीति के बढ़ते हस्तक्षेप के कारण उनके निर्णयों में स्वतंत्रता की कमी हो गई है। जब अधिकारी सरकारी योजनाओं और नीतियों को लागू करने में पूरी स्वतंत्रता का अनुभव नहीं करते, तो यह उनकी कार्यक्षमता को प्रभावित करता है। वे पाते हैं कि उन्हें जो काम सौंपा गया है,वह राजनीतिक दबावों के चलते निष्पक्ष रूप से नहीं किया जा सकता।इस संदर्भ में, कुछ प्रसिद्ध आईएएस और आईपीएस अधिकारियों ने इस्तीफा देने का निर्णय लिया। आईएएस अधिकारी कन्नन गोपल का इस्तीफा एक उदाहरण है। उन्होंने 2019 में जम्मू और कश्मीर के विशेष राज्य का दर्जा खत्म करने के बाद वहां की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अपना इस्तीफा दिया था। उनके इस्तीफे ने पूरे देश में राजनीतिक हस्तक्षेप के बारे में चर्चा शुरू कर दी थी।

### स्वायत्तता की कमी

स्वायत्तता की कमी भारतीय सिविल सेवा के एक और महत्वपूर्ण कारण के रूप में उभर कर सामने आई है। कई अधिकारी यह महसूस करते हैं कि उनकी स्वतंत्रता, जो पहले उन्हें प्रशासनिक निर्णय लेने में दी जाती थी, अब समाप्त हो गई है। अब उनके निर्णयों को राजनीतिक प्रेशर के तहत बदलने की कोशिश की जाती है। जब अधिकारी अपने फैसले स्वतंत्र रूप से नहीं ले सकते,तो यह उनके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। आईपीएस अधिकारी विवेक कुमार का इस्तीफा इस बात का एक और उदाहरण है। वे उत्तर प्रदेश में लंबे समय तक पुलिस सेवा में रहे, लेकिन उन्होंने प्रशासनिक स्वतंत्रता की कमी और राजनीतिक दबाव के कारण इस्तीफा दे दिया। उनका यह कदम न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्षों का प्रतीक था, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की असलियत को उजागर करता था।

### मानसिक स्वास्थ्य और तनाव

किसी भी सरकारी अधिकारी की कार्यशैली में अत्यधिक मानसिक दबाव और तनाव होता है। यह तनाव केवल कार्य की अधिकता या जिम्मेदारियों के कारण नहीं होता, बल्कि यह भी तब बढ़ जाता है जब अधिकारी अपने कार्यों में स्वतंत्रता और ईमानदारी से फैसले नहीं ले सकते। मानसिक तनाव एक अन्य बड़ा कारण है जो अधिकारियों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर करता है। आईएएस अधिकारी शाह फैसल का इस्तीफा इस मानसिक दबाव के कारण हुआ था। उन्होंने 2019 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और इसके पीछे का कारण जम्मू और कश्मीर की स्थिति और वहां के प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त मानसिक तनाव था।

### प्रशासनिक हताशा और भ्रष्टाचार

भारत में कई अधिकारियों ने यह महसूस किया है कि भारतीय प्रशासनिक तंत्र में भ्रष्टाचार,अनियमितताएं, और राजनीतिक हस्तक्षेप इतना बढ़ चुका है कि उनसे काम करना असंभव हो गया है। ईमानदार और कड़ी मेहनत करने वाले अधिकारियों को अक्सर इस तंत्र में प्रताड़ना और अपमान का सामना करना पड़ता है। जब एक ईमानदार अधिकारी को अपने प्रयासों का कोई परिणाम नहीं मिलता, तो वह हताश हो जाता है और इस्तीफा देने का फैसला करता है। आईएएस अधिकारी अनुज कुमार ने इस स्थिति से परेशान होकर इस्तीफा दिया। उनका कहना था कि प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचार और अव्यवस्था बढ़ने के कारण वे अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर पा रहे थे।

### इस्तीफा देने वाले प्रमुख युवा अधिकारी

हाल के वर्षों में, कई युवा आईएएस और आईपीएस अधिकारियों ने भी इस्तीफा दिया है। इनमें से कुछ अधिकारियों ने अपने इस्तीफे से यह संकेत दिया है कि युवा शक्ति और जिम्मेदारी का बोझ उठाना उनके लिए असंभव हो गया है। ऐसे अधिकारियों के नाम निम्नलिखित हैं

### काम्या मिश्रा

काम्या मिश्रा,जो एक युवा आईपीएस अधिकारी थीं, ने अपने पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने इस्तीफे में यह बताया कि उन्हें प्रशासनिक तंत्र में अपना योगदान देने के दौरान राजनीतिक हस्तक्षेप और स्वायत्तता की कमी के कारण कठिनाई हो रही थी।

### रोमन सैनी

रोमन सैनी,जिन्होंने अपनी आईएएस सेवा से इस्तीफा देने का ऐतिहासिक कदम उठाया था,वे एक युवा अधिकारी थे जिन्होंने देश में यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए एक नया दृष्टिकोण पेश किया। उन्होंने 2013 में इस्तीफा दिया, जब उन्होंने महसूस किया कि उन्हें प्रशासनिक कार्यों के बजाय शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देना अधिक संतोषजनक था। उनके इस्तीफे ने युवा अधिकारियों के बीच एक नई बहस को जन्म दिया कि क्या वे अपनी सेवाओं को छोड़कर समाज के अन्य क्षेत्रों में योगदान दे सकते हैं।

### प्रवीण कुमार

प्रवीण कुमार एक अन्य युवा आईएएस अधिकारी थे जिन्होंने प्रशासनिक कार्यों के कारण आए मानसिक तनाव को देखते हुए इस्तीफा दिया। उन्होंने यह कदम उठाते हुए कहा कि प्रशासन में बहुत से सुधारों की आवश्यकता है और अगर उन्हें स्वायत्तता और स्वतंत्रता का अवसर मिलता, तो वे निश्चित रूप से अपनी सेवाओं को जारी रखते।

### क्या यह भारत के शासन मॉडल के लिए खतरा है?

इस बढ़ती हुई इस्तीफों की संख्या से यह सवाल उठता है कि क्या यह भारत के शासन मॉडल के लिए खतरे की घंटी है? यदि सिविल सेवाओं के ये उच्च अधिकारी इस्तीफा देते रहते हैं, तो यह देश के प्रशासनिक तंत्र के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक



# तेज आंधी के साथ हुई बारिश व ओलावृष्टि

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

पश्चिमी विक्षोभ के कारण सरगुजा सहित उत्तर छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मंगलवार की दोपहर तक तेज धूप से लोग बेहाल रहे। वहीं दोपहर 3 बजे के बाद मौसम का मिजाज बदल गया। शाम 5 बजते ही आसमान में घने बादल छा गए। वहीं तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई। बारिश के साथ-साथ हल्का ओलावृष्टि का भी प्रकोप देखा गया।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से चल रही नामी भरी हवाएं और उत्तर प्रदेश और बिहार की तरफ से बन रही द्रोणिकाओं के कारण उत्तर छत्तीसगढ़ में मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। पिछले तीन दिनों से दोपहर के बाद मौसम करवट बदल रही है। मंगलवार को दोपहर के बाद शाम 4 बजे तेज आंधी तूफान के साथ हुई बारिश हुई। इसके साथ जिले के कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुए हैं।

# रुपए चोरी के आरोप पर पुलिस ने की सास-बहू की बेरहमी से की पिटाई...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

एक महिला व उसकी सास से पुलिस द्वारा बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिलाओं ने मामले की शिकायत एसपी से करते हुए होलीक्रॉस अस्पताल के चौकी प्रभारी व 2 महिला आरक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला का कहना है कि वह सड़क हादसे में घायल पति का इलाज कराने आई थी। इसी बीच अन्य मरीज के परिजन ने हमपर रुपए चोरी के आरोप लगाए। शिकायत के बाद पुलिस ने हमें चौकी ले जाकर मारा।




वहीं दबाव बनाकर रुपए चोरी करने की बात कबूल कराई।

एसपी से की गई लिखित शिकायत में सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कमलपुर निवासी मनियारो ने बताया कि 24 अप्रैल को वह अपने पति राजपाल का इलाज कराने होलीक्रॉस अस्पताल लाई थी। पति सडक़ दुर्घटना में घायल है। 25 अप्रैल को बगल के बेड पर रहे अन्य मरीज के परिजनों ने उसपर व उसकी सास फुलमेत पर रुपए चोरी करने के आरोप लगाए। विवाद बढने पर अस्पताल चौकी में शिकायत की। इस पर चौकी प्रभारी द्वारा उन्हें वहां ले जाया गया। इसके बाद रुपए चोरी करने का आरोप लगाकर उन्हें बेरहमी से पीटा गया। पिटाई से कमर के निचले हिस्से में निशान पड़ गए हैं। पीड़ित महिला मनियारो का कहना है कि चौकी प्रभारी व 2 महिला आरक्षकों ने उनके साथ हाथ-मुक्के व डंडे से मारपीट की गई है। उनपर गुनाह कबूल करने का दबाव बनाया जा रहा था। इस पर पिटाई के डर से उसकी सास ने रुपए चोरी करने की बात स्वीकार की। पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पास पीएम आवास योजना के तहत मिली राशि के रुपए थे। उसे देखकर ही बगल के मरीज के परिजन ने रुपए चोरी करने का आरोप लगाया। पुलिस के कहने पर मेरी भतीजी ने बैंक सेस्टेटमेंट निकालकर दिखाया, तब पुलिस ने उन्हें छोड़ा। महिला ने एसपी से मारपीट करने वाले अस्पताल चौकी प्रभारी व 2 महिला आरक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो का कहना है कि होलीक्रॉस अस्पताल में रुपए चोरी करने की शिकायत आई है।

## डम्फर के टक्कर के बाद अनियंत्रित ट्राला ने कई कारों को किया क्षतिग्रस्त

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सीतापुर में मंगलवार की सुबह 5 बजे शिव मंदिर के सामने ट्राला और डम्फर में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्राला चालक का दाहिना पैर टूट गया जिससे वाहन से उसका नियंत्रण खो गया। अनियंत्रित ट्राला मुख्य सडक़ की बायीं ओर स्थित बिजली खम्बे से टकरा कर लोगों के घरों में जा घुसा। इस दुर्घटना में कालू अग्रवाल की सामने खड़ी थार, महेंद्र अग्रवाल के शेड , नवीन अग्रवाल व घनश्याम अग्रवाल की कार क्षतिग्रस्त हो गई। अंत में घर के सामने बनी लोहे की शेड के टकरा कर किसी तरह ट्राला रुकी। वरना बड़ा हादसा हो सकता था।



## रेड क्रॉस सोसायटी के दो सदस्यों ने राज्यापाल से भेंटकर की मल्टी पेशेंट एंबुलेंस की मांग

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

25 अप्रैल को एक दिवसीय प्रवास पर अंबिकापुर पहुंचे राज्यपाल रमेन डेका से भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी सरगुजा नामित आजीवन सदस्य डॉ. अर्पण सिंह चौहान एवं आर्यन सिन्हा ने शिष्टाचार भेंट की थी। इस अवसर पर दोनों सदस्यों द्वारा राज्यपाल को पुष्पगुच्छ,शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। दोनों सदस्यों ने चेयरमैन आदित्यायेश्वर सिंह देव के नेतृत्व में सरगुजा जिले में रेड क्रॉस द्वारा संचालित सेवाभावी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रस्तावित योजनाओं से अवगत कराया। मल्टी-पेशेंट एम्बुलेंस सेवा का प्रारंभ करने ताकि एक साथ कई मरीजों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।



वृद्धाश्रम परिसर मे 10-बिस्तरीय एंड-ऑफ-लाइफ अस्पताल की स्थापना,जिससे बुजुर्गों को सम्मानजनक और समर्पित अंतकालीन देखभाल सुनिश्चित हो सके। इस पर राज्यपाल ने इन प्रस्तावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु यथासंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी सेवाओं की स्थापना जिले के नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेदर बहार के पास सोमवार की शाम को ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीरा रूप से जख्मी हो गया था। उसे उदयपुर अस्पताल से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मनोज एक्का पिता सुन्दर साय उम्र 37 वर्ष उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बटपरगा केदमा का रहने वाला था। वह सोमवार की शाम को बाइक से ग्राम केदमा बाजार गया था। वापस आने के दौरान ग्राम सेदरबहार के पास ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां चिकित्सक ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# 4 नाबालिगों ने एक युवक के साथ मिलकर की थी 12 दो पहिया वाहन चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

मणिपुर पुलिस ने चोरी के मामले में 4 नाबालिग सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दुकान में चोरी की वारदात के साथ-साथ अलग-अलग स्थान से कुल 12 बाइक भी चोरी किए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 5 बाइक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरढोढ़ी निवासी राकेश ठाकुर ने 26 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह पुलिस को बताया था कि 25 अप्रैल की रात को इसके मोबाइल दुकान से 35 हजार नगदी व 5 नग मोबाइल चोरी कर लिया गया था। पुलिस अज्ञत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी रोहित तिग्गा उम्र 21 वर्ष निवासी परसोड़ी खुर्द थाना दरिमा को हिरासत में लेकर मोबाइल दुकान में चोरी के संबंध में पूछताछ की तो वह अपने चार नाबालिग साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने बताया। इसके निशानदेही पर पुलिस ने नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की मोबाइल जब्त की है। जबकि चोरी की रुपए को खर्च करना स्वीकार किया है।



पुलिस ने नाबालिगों का हुलिया पूर्व में हुई बाइक चोरी के मामले में बरामद सीसीटीवी फुटजे से मिलान किया तो चेहरा मैच कर गया। जब पुलिस इनसे दो पहिया वाहन चोरी के मामले में सख्ती से पूछताछ की तो नाबालिगों ने थाना मणिपुर,थाना कोतवाली,थाना गांधीनगर,थाना लखनपुर एवं जिला रायपुर से कुल 12 नग दो पहिया वाहन चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की कुल 5 नग दो पहिया वाहन बरामद किया है। शेष 7 नग दो पहिया वाहन सूरजपुर व बैकुंठपुर में लावारिस हालत में छोड़ देना बताया। आरोपियों के बताए अनुसार जब पुलिस ने सूरजपुर व बैकुंठपुर पुलिस पता की तो 5 नग सूरजपुर कोतवाली में व दो नग बैकुंठपुर थाने में जब्त करना बताया गया। नाबालिग बालकों ने मणिपुर थाने के मठपारा निवासी शैलेन्द्र सिंह के किराए के रूम का ताला तोडक़र 1 नग घड़ी,चांदी का पायल, सोने का जिवतिया सहित अन्य सामान चोरी किए थे। पुलिस ने चोरी के मामले में नाबालिग बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। जबकि आरोपी रोहित तिग्गा के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## ईपीएफ व ईएसआईसी की राशि के गबन के मामले मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता पर एफआईआर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

विद्युत विभाग के ठेका कर्मचारियों के ईपीएफ व ईएसआईसी की राशि के गबन के मामले में न्यायालय के आदेश पर पूर्व मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता सहित तीन अलग-अलग ठेका कंपनियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने ठेका कंपनियों के साथ मिलकर 1.82 करोड़ का गबन का आरोप है। आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी ने मामले की न्यायालय में परिवाद दायर किया था।




जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग में ठेका कर्मचारियों के नियोजन के लिए मेसर्स आरके एसोसिएट्स, मैट्रिक सर्विस एव गुरुकृपा ग्रुप को अधिकृत किया गया था। आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी ने सीएसपीडीसीएल के पूर्व मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता एवं ठेका कंपनी के संचालक के खिलाफ वेतन से ईपीएफ, बोनस एवं ईएसआईसी की राशि में फर्जी बिल लगाकर 1 करोड़ 82 लाख रुपए की गड़बड़ी का आरोप लगाया था। सीएसपीडीसीएल के अलग-अलग कार्यादेश पर ठेका कंपनी द्वारा भृत्य एवं कंप्यूटर ऑपरेटर विद्युत में वर्ष 2020 से 2022 तक नियोजित किए गए थे। आरोप है कि चार कार्यादेश के तहत ठेका कर्मचारियों के नियोजन में अधिकारियों ने वास्तविक उपस्थिति पत्रक एवं ईपीएफ, ईएसआईसी के दस्तावेजों के बगैर सत्यापन के देयक का भुगतान किया। पूर्व मुख्य अभियंताा व अधीक्षण अभियंता ने ठेका फर्म को लगभग 1. 82 करोड़ रुपए का अधिक भुगतान किया है। कार्यपालन निदेशक (अ.क्षे.) अंबिकापुर के जांच रिपोर्ट 24 फरवरी 2023 के साथ डीके सोनी ने मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में परिवाद पेश किया था। मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने पूर्व मुख्य अभियंताा डीएस भगत व अधीक्षण अभियंता राजेश लकड़ा एवं ठेकेदार प्रभोजत सिंह भल्ला के खिलाफ कोतवाली में धारा 409, 419, 420, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग का महत्व एवं आवश्यकता विषय पर की गई परिचर्चा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के सभा कक्ष में वर्तमान में योग का महत्व एवं आवश्यकता विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। हरिद्वार से पधारे स्वामी आदित्य देव जी प्राचार्य दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय हरिद्वार ने योग एवं स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सात्विक आहार ग्रहण करने प्रेरित किया। नशा गुटका पान मसाला बीड़ी आदि से दूर रहने को कहा।



उन्होंने अनुलोम विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम,आदि विभिन्न प्राणायामों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। तथा प्राणायाम का अभ्यास कराया।

छात्र-छात्राओं से संवाद के क्रम में स्वामी जी ने छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया।

उन्होंने योग और व्यायाम को अपने जीवन में अपनाने को कहा।

उन्होंने छात्रों को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से मजबूत होने के लिए योग को अपनाने का आग्रह किया।

छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। एक छात्रा द्वारा शारीरिक दुर्बलता के सवाल पर स्वामी जी ने उसे सलाह दी कि बेटा रोज थोड़ा व्यायाम किया करो। समय पर आहार तथा नियमित व्यायाम करने से शारीरिक दुर्बलता ठीक हो जाएगी।

एक छात्र द्वारा पढ़ाई में मन नहीं लगने को लेकर किए गए सवाल के जवाब में स्वामी जी ने कहा मोबाइल से थोड़ा दूरी बना लो। मोबाइल को ज्यादा समय मत दो। पुस्तकों को समय दो।

इस अवसर पर शहर के नागरिक जन भी सम्मिलित हुए।

सारांश वाक्य जो स्वामी जी ने कहा...

1.अच्छे कार्य को इच्छा न होने पर भी करना चाहिए

2.बुरे कार्य को बार-बार करने की इच्छा होने पर भी नहीं करना चाहिए।

योग संगोष्ठी का संचालन कमलेश योगी सह राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री रविन्द्र स्वर्णकार प्रदेश संरक्षक, शैलेन्द्र विशी संभाग प्रभारी युवा भारत,रवि भूषण गुप्ता,रमाशंकर सिंह, ललीता श्रीवास्तव, सीमा गुप्ता, नवीन गुप्ता,इन्दर भगत,राजीव गुप्ता तथा कालेज के विद्यार्थियों सहित अध्यापक गण उपस्थित थे।



## 29 मई को लॉन्च होगा एक्सिओम-4 मिशन,इतिहास रचेंगे भारत के शुभांशु शुक्ला

**वॉशिंगटन,29 अप्रैल 2025।** एक्सिओम-4 मिशन को 29 मई को लॉन्च किया जाएगा, जिसमें भारत के शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

इस मिशन के साथ ही भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इतिहास रचेंगे, क्योंकि वह ड्रैगन अंतरिक्ष यान के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनेंगे। एक्सिओम मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारत की इसरो की एक संयुक्त पहल है।



शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट की भूमिका निभाएंगे और तीन अन्य अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ दो हफ्ते तक आईएसएस पर रुकेंगे। राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बनेंगे। राकेश शर्मा 1984 में सोवियत संघ के इंटरकोस्मोस कार्यक्रम के तहत सोयुज टी-11 यान से अंतरिक्ष गए थे।

### शुभांशु शुक्ला कौन हैं?

उनका जन्म 10 अक्टूबर 1985 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुआ। वह भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन के पद पर हैं। उनके पास 2,000 घंटे से अधिक समय की उड़ान का अनुभव है। उन्होंने जून 2006 में वायुसेना की फाइटर विंग में कमीशन प्राप्त किया। एक्स-4 वेबसाइट के अनुसार,उन्होंने सुखोई-30 एमकेआई,मिग-21, मिग-29,जगुआर,हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे कई विमान उड़ाए हैं। उन्हें मार्च 2024 में ग्रुप कैप्टन के पद पर पदोन्नति मिली। वह भारत के गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए चयनित अंतरिक्ष यात्री भी हैं। उनकी अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत 2019 में हुई, जब उन्हें इसरो की ओर से बुलावा आया। इसके बाद उन्होंने रूस के यूरी गागरिन कॉसमोनॉट प्रशिक्षण केंद्र (स्टार सिटी) में एक वर्ष का कठोर प्रशिक्षण लिया।

### क्या है एक्सिओम मिशन 4?

यह मिशन भारत के लिए ऐतिहासिक होगा, साथ ही पोलैंड और हंगरी के लिए भी। ये दोनों देश 40 साल बाद पहली बार मानव अंतरिक्ष उड़ान में हिस्सा लेंगे। यह पहली बार होगा जब भारत, पोलैंड और हंगरी एक संयुक्त मिशन के तहत आईएसएस पर साथ जाएंगे।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत में तेजी,अमेरिकी वित्त मंत्री बोले...भारत के साथ समझौता करना आसान

**न्यूयॉर्क / वाशिंगटन, 29 अप्रैल 2025।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौता लगभग पूरा होने वाला है। उन्होंने बताया कि भारत के साथ बातचीत अच्छी चल रही है और अन्य देशों की तुलना में भारत से समझौता करना आसान है क्योंकि यहां टैरिफ (शुल्क) साफ-साफ और स्पष्ट हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री ने यह बात व्हाइट हाउस में एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कही। सोमवार को एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि भारत उन शुरुआती देशों में से एक हो सकता है, जिनके साथ अमेरिका व्यापार समझौता कर सकता है, ताकि आपसी टैरिफ से बचा जा सके।

### हाल ही में भारत दौरे पर थे अमेरिकी उपराष्ट्रपति

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वांस पिछले हफ्ते भारत दौरे पर थे और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता पर अच्छी प्रगति हुई। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में बताया गया कि अब दोनों देशों ने बातचीत के लिए एक रोडमैप भी तय कर लिया है। बयान के अनुसार, यह समझौता दोनों देशों में रोजगार और कारोबार बढ़ाने में मदद करेगा। अमेरिका और भारत दोनों इसे अपने-अपने विकासकाल-अमृत काल और गोल्डन एज-से जोड़कर देख रहे हैं।



यह एक नया और आधुनिक व्यापार समझौता होगा,जिसका मकसद दोनों देशों के लोगों की भलाई, नौकरियों में बढ़ोतरी, और सप्लाई चेन को मजबूत करना है। भारत की तरफ से इस बातचीत का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल कर रहे हैं। पिछले हफ्ते वॉशिंगटन में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच आमने-सामने की बातचीत शुरू हुई है।

### अमेरिका क्यों चाहता है समझौता?

अमेरिका का कहना है कि इस समझौते से अमेरिकी सामानों को भारत में नए बाजार मिलेंगे और दोनों देशों के किसानों, कामगारों और उद्यमियों को फायदा होगा। अमेरिका ने पहले से ही 2 अप्रैल को कई देशों पर टैरिफ लगाए थे, लेकिन 9 अप्रैल को 90 दिन के लिए इन टैरिफों को सस्पेंड कर दिया (चीन और हांगकांग को छोड़कर)। हालांकि, 10त्न का आधार शुल्क और स्टील, एल्युमिनियम व ऑटो पार्ट्स पर 25त्न शुल्क अभी भी लागू है।


### क्या है भारत की प्रतिक्रिया?

भारत के वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने 15 अप्रैल को कहा था कि भारत इस बातचीत को जल्द से जल्द खत्म करना चाहता है ताकि व्यापारिक रिश्तों में मजबूती आ सके।

# यूक्रेन पर रूस के ड्रोन हमले जारी, जेलेंस्की ने पुतिन के युद्धविराम प्रस्ताव को बताया धोखा

**कीव,29 अप्रैल 2025।** रूस और यूक्रेन के बीच दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस ने युद्धविराम के घोषणा के बीच एक बार फिर यूक्रेन के नागरिक इलाकों को निशाना बनाते हुए सोमवार रात घातक ड्रोन हमले किए। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में हमले में एक 12 साल की बच्ची की मौत हो गई,जबकि तीन लोग घायल हो गए,जिनमें एक 6 साल का बच्चा भी शामिल है।

बता दें कि निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र के बाद रूस ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर भी 20 ड्रोन और 31 गाइडेड बमों से हमला किया। इसके साथ ही राजधानी कीव के एक इलाके में एक रूसी ड्रोन के मलबे से आग भी लग गई।





### पुतिन का युद्धविराम प्रस्ताव

इन हमलों के बीच,रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 8 से 10 मई तक के लिए 72 घंटे के एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की है। यह युद्धविराम द्वितीय विश्व युद्ध के विजय दिवस के मौके पर घोषित किया गया है,जब 1945 में नाजी जर्मनी पर रूस की जीत हुई थी। हालांकि,पुतिन ने युद्धविराम की निगरानी को लेकर कोई अन्य स्पष्ट योजना नहीं दी है।

### यूक्रेन ने खारिज किया पुतिन का युद्धविराम प्रस्ताव

हालांकि यूक्रेन ने पुतिन के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। साथ ही इसे अमेरिका और बाकी दुनिया को धोखा देने की कोशिश बताया है। मामले में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और उनके सलाहकार एंड्री यरमक ने कहा कि रूस अब भी 1,000 किलोमीटर लंबी फ्रंटलाइन पर हमले कर रहा है और नागरिक इलाकों को निशाना बना रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि यदि रूस वास्तव में शांति चाहता है तो युद्धविराम तत्काल,पूर्ण और बिना शर्त कम से कम 30 दिनों के लिए होना चाहिए।

### ट्रंप ने भी पुतिन की मंशा पर उठाए सवाल

रूस के लगातार हमले के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी पुतिन की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें संदेह है कि रूस बातचीत के बहाने धोखा देने की कोशिश कर रहा है। जबकि क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने आरोप लगाया कि यूक्रेन की सरकार पुतिन की युद्धविराम की पेशकश को गंभीरता से नहीं ले रही और वह साजिश कर रही है।

# कनाडा के आम चुनाव में कैसा रहा भारतवंशियों का प्रदर्शन? मैदान में उतरे थे 75 भारतवंशी उम्मीदवार

**ओटावा, 29 अप्रैल 2025।** कनाडा में पिछले डेढ़ महीने में दूसरी बार आम चुनाव हुए हैं। जिसमें लिबरल पार्टी फिर से सत्ता में वापसी की है और मौजूदा प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री पद पर बने रहने का रास्ता भी साफ हो गया है। कनाडा के आम चुनाव में कुल 75 भारतवंशियों ने हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की, जिसमें कई को जीत तो कई को हार का स्वाद चखना पड़ा है। बता दें कि, कनाडा में भारतीय-कनाडाई समुदाय एक प्रमुख मतदाता समूह के तौर पर सामने आया है।



कनाडा के आम चुनाव में खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह को हार का सामना करना है। वहीं उनकी पार्टी एनडीपी 12 सीटें भी जीतने में कामयाब नहीं रही है। इसके बाद पार्टी के प्रमुख जगमीत सिंह ने घोषणा की है कि कनाडा के संघीय चुनाव में उनकी पार्टी के लिए समर्थन कम होने और अपनी सीट गंवाने के बाद वह पद छोड़ देंगे। बता दें कि, जगमीत सिंह ब्रिटिश कोलंबिया के बर्नाबी सेंट्रल सीट से चुनाव हार गए हैं। एनडीपी ने कुल 343 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे।

इस चुनाव में सत्ता पक्ष के भी कई उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा है। इसमें भारतवंशी अमरजीत सोही का भी नाम शामिल है। एडमॉन्टन साउथईस्ट से चुनाव लड़ रहे सोही को कंजर्वेटिव पार्टी के जगशरण सिंह महल ने मात दी है।

वहीं लिबरल उम्मीदवार अनीता आनंद ने ओकविले ईस्ट से जीत का परचम लहराया है। ये उनकी लगातार तीसरी जीत है। उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी के रॉन छिंजर को मात दी है। वे 2019 और 2021 में भी यहां से चुनाव जीत चुकीं है। मौजूदा सरकार में वे नवाचार, विज्ञान और उद्योह मंत्रालय का जिम्मा संभाल रही है।

शुव मजूमदार,जो कंजर्वेटिव पार्टी से उम्मीदवार थी,उन्होंने कैलगरी हेरिटेज सीट पर जीत दर्ज की है। लिबरल उम्मीदवार स्कॉट अर्नाट को उन्होंने तकरीबन 20 हजार वोटों से हराया है।

ब्रैम्पटन वेस्ट चुनाव सीट से लिबरल पार्टी के उम्मीदवार कमल खेरा को अपने प्रतिद्वंदी कंजर्वेटिव पार्टी के अमरजीत गिल से हार का सामना करना पड़ा है।

# सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का तय समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

मंगलवार को जिला पंचायत के सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जनपद पंचायत लखनपुर के सभा कक्ष में लखनपुर एवं उदयपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुशासन तिहार, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण),बिहान,मनरेगा,स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम), एनआरएलएम सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रवाल ने सभी अधिकार-कर्मचारियों निर्देशित किया कि,सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायतों में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किए जाएं। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) अंतर्गत

सभी प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा सेग्रीगेशन शेड में कचरा संग्रह प्रारंभ करने पर जोर दिया गया।



एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को बकरी पालन, मछली पालन आदि गतिविधियों से जोड़कर आजीविका सृजन हेतु प्रोत्साहित करने करने को कहा,उन्होंने मनरेगा के हितग्राहियों का आधार-सहित भुगतान शीघ्र पूर्ण करने तथा अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण करने तथा जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवासों को एक माह के भीतर पूरा करने की निर्देश दिए। साथ ही दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का शीघ्र निवारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

आयोजित इस बैठक में लखनपुर-उदयपुर विकासखंड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी (जिला पंचायत),एसबीएम,एनआर एलएम एवं मनरेगा के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जयंत मिंज बने लुण्ड्रा जनपद के विधायक प्रतिनिधि

**- संवाददाता -**
**लुण्ड्रा,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

लुण्ड्रा भाजपा मंडल के ऊर्जावान युवा नेता जयंत मिंज को संगठनात्मक कार्यों में लगातार सक्रियतापूर्वक कार्य को देखते हुए विधायक प्रबोध मिंज ने लुण्ड्रा जनपद पंचायत के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है।



जयंत मिंज विधायक की अनुपस्थिति में जनपद पंचायत लुण्ड्रा के समस्त विभागों की बैठकों एवं अन्य गतिविधियों में भी शामिल होंगे और विधायक का प्रतिनिधित्व करेंगे।

युवा नेता जयंत मिंज इससे पूर्व में मंडल अध्यक्ष के अलावा युवा मोर्चा में प्रदेश मंत्री के दायित्व का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं उनकी नियुक्ति से क्षेत्र की भाजपाइयों में हर्ष का माहौल है।

# डिण्डों पुलिस ने नशीली कफ सीरप के साथ दो युवा सौदागरों को धर दबोचा

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के डिंडो चौकी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के दो युवा सौदागरों को गिरफ्तार करते हुए 30 नग नशीली कफ सीरप के बोतलों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने एक मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन जब्त किया।आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।

जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम डिण्डों का निवासी सुनील कुमार भारती (22 वर्ष) लाल रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (सीजी-15-ED-3526) से ग्राम कुर्लूडीह से भारी मात्रा में नशीली कफ सीरप लेकर डिण्डों की ओर आ रहा है। संदेही के हुलिए के आधार पर पुलिस ने करबला के पास घेराबंदी की और संदिग्ध को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ा।पुलिस ने मोटरसाइकिल की डिक्की से सफेद प्लास्टिक बोरे में




रखा कार्टून बरामद किया जिसमें ऑनरेक्स कंपनी की 30 नग कोडिन फास्फेट युक्त 100 एमएल वाली कफ सीरप की बोतलें पाई गईं।

पुलिस ने आरोपी सुनील भारती पिता गणेश राम (22 वर्ष) निवासी ठाकुर पारा डिंडो और शोयब अख्तर अली उर्फ सैयद पिता सुल्तान (27 वर्ष) निवासी डिंडो को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ किया। पूछताछ में आरोपी सुनील ने बताया कि वह यह दवाइयां सोयब अख्तर अली उर्फ सैयद अंसारी (27 वर्ष) के कहने पर लाया था, जिसने इसके लिए उसे ?6000 दिए थे। ये दवाइयाँ ग्राम कुर्लूडीह के असगर अली उर्फ गोल्डन से 5500 में खरीदी गई थीं। आरोपियों ने तस्करी करना स्वीकार किया।पुलिस ने 5850 कीमत की नशीली कफ सीरप, 40000 कीमत की मोटरसाइकिल तथा एक मोबाइल फोन को जब्त किया। पुलिस ने धारा 21(सी),29 NDPS एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।

संपूर्ण कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गजपति मिर्रे,सउनि जुनास केरकेट्टा,प्रधान आरक्षक संतोष सिंह,आरक्षक शिवभजन पोर्ते, शिवनरायण सिंह,नन्दलाल गोस्वामी, अशोक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।

# मृतक पहाड़ी कोरवा के परिजनों को ढांढस बढ़ाने पहुंचे सरगुजा सांसद ग्राम बेस्की

- जमीन नहीं,सिर पर छत नही रहेगा तो पहाड़ी कोरवा रहेंगे कहाः चिंतामणि महाराज
- पुलिस को फ़रार भू-माफियाओं को जल्द गिरफ्तार करने को दी हिदायत
- पहाड़ी कोरवा की आत्महत्या के मामले में अब तक महिला सहित तीन गिरफ्तार हो चुके...

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर//बरियों,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिले के बरियो चौकी अंतर्गत ग्राम भेस्की में जमीन रजिस्ट्री के मामले में पहाड़ी कोरवा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। मंगलवार को मृतक के परिजनों से ग्राम भेस्कीपहुंचकर सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज मिलकर बंधाया ढांढस और पुलिस को फ़रार भू-माफियाओं को जल्द गिरफ्तार करने कोदी हिदायत।





आपको बता दे कि हाल ही में ग्राम भेसकी निवासी पहाड़ी कोरवा जनजाति समुदाय के भईरा राम ने सामुदायिक भूमि विवाद और लगातार मिल रही धमकियों से तंग आकर 22 अप्रैल को अपने गोठान में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। मामले में सर्व आदिवासी समाज और पहाड़ी कोरवा समुदाय ने जिला प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए आंदोलन और चक्काजाम की चेतावनी दी थी। राजपुर एसडीएम राजीव जेम्स कुजुर और पुलिस एसडीओपी इमानुएल लकड़ा के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ था। इसी दौरान पुलिस ने कार्रवाई कर भूमि क्रेता शिवा राम, भू-माफिया उदय शर्मा और कमला देवी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था न्यायालय से जेल भेज दिया था। भू-माफियों ने धोखाधड़ी कर 6 एकड़ सामुदायिक भूमि को फर्जी रजिस्ट्री कराकर हड़प लिया था। इसके लिए उन्होंने महिलाओं को महतारी वंदन योजना के लाभ के बहाने राजपुर बुलाया और फर्जी अंगूठा लगाकर रजिस्ट्री करवाई। परिजनों ने बताया कि भईरा राम को लगातार धमकाया जा रहा था, जिससे मानसिक तनाव में आकर उन्होंने आत्महत्या कर ली।

मंगलवार को सरगुज़ा सांसद चिंतामणि महाराज ग्राम भेस्की पहुंचकर मृतक पहाड़ी कोरवा के परिजनों से मुलाक़ात कर ढांढस बंधाया और पुलिस को फ़रार भू-माफियाओं को जल्द गिरफ्तार करने की हिदायत देते। हुए कहा कि जमीन नहीं रहेगा सिर पर छत नहीं रहेगा तो पहाड़ी कोरवा क्या करेंगे। पहाड़ी कोरवा की जमीन को भू-माफियाओं ने दलालों से मिलकर रजिस्ट्री करा लिया है। पहाड़ी कोरवा को भू-माफियाओं के द्वारा धमकी दी जा रही थी। धमकियों से तंग आकर जनजाति पहाड़ी कोरवा ने आत्म हत्या कर ली यह बहुत दुखद घटना है। उन्होंने गांव के ग्रामीणों से कहा फ़रार जमीन दलाल कहीं भी हो उन्हें जिस व्यक्ति को दिखे तत्काल पुलिस को सूचित करें। आगे कहा जमीन दलाल ने कई लोगो को चेक देकर जमीन रजिस्ट्री करा लिया है जमीन भी चला गया आज तक पैसा नही मिला सभी का जांच कराया जाएगा। पुलिस उप पंजीयक, पटवारी सहित अन्य फ़रार भू-माफियाओं की तलाश में जुटी हुई है। इस दौरान सांसद चिंतामणि महाराज के साथ जनपद पंचायत सदस्य कमला राम सांडिल्य,मुकेश गुप्ता, भजन राम,घरगांव,बघिमा,बादा, भिलाई के सरपंच सहित गांव के ग्रामीण मौजूद थे।



# गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान में अनियमितताओ की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हो:अनित दुबे

## कांग्रेस नेता ने कहा कई शिकायतों के साथ लगातार मीडिया में आई खबरों पर विभाग ने क्या कार्यवाही की...जनता को जानने का है अधिकार

-राजन पाण्डेय-
कोरिया/सोनहत, 29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

कांग्रेस नेता और कोरबा सांसद के प्रतिनिधि रहे अनित दुबे ने गुरुघासी दास राष्ट्रीय उद्यान टाइगर रिजर्व में चल रही अनियमितताओं पर एक बार कड़ा रुख अपनाया है,अनित दुबे ने कहा कि इतने दिनों से लगातार मीडिया ने राष्ट्रीय उद्यान में अनियमितताओ की खबरों को उठाया है,कई प्रकार की शिकायतें हुई ज्ञापन सौंपा गया इस पर अभी तक जांच हुई या नही,यदि जांच हुई तो क्या कार्यवाही हुई,जांच के दौरान शिकायतो में निर्माण कार्यों में गड़बड़ी पर लगाए गए आरोपो में सच्चाई पाई गई या नही इसकी







रिपोर्ट सार्वजनिक होनी चाहिए, ताकि जांच प्रक्रिया और विभाग में पारदर्शिता बनी रहे।



### राष्ट्रीय उद्यान में अनियमितता मामले में दायर करेंगे जनहित याचिका:जयचन्द

क्षेत्र के अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता जयचन्द सोनपाकर ने कहा कि राष्ट्रीय उद्यान में निर्माण कार्यों अनियमतता मामले इतनी शिकायते हुई मीडिया ने मुद्दे को उठाया इसमें विभाग को पारदर्शिता दिखाते हुए शिकायतों की जांच एवं की गई कार्यवाही से आम जनता को जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करना चाहिए था इतना नही तो कम से कम की गई कार्यवाही का प्रेस रिलीज जारी करना चाहिए था लेकिन यहां पूरी शिकायतों को लगता है ठंडे बस्ते में डाल दिया गया ऐसे में विभाग को विधि एवं नियमानुसार नोटिस भेजा जाएगा इसके बाद भी कोई कार्यवाही नही होने पर माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में जनहित याचिका भी दायर करेंगे।





### आम जनता को भी है जानने का अधिकार

अनित दुबे ने कहा कि सरकार का पैसा जनता का पैसा है और जनता के पैसे से हो रहे कार्यों में अनियमितताओ की जांच की जानकारी जनता को जानने का पूरा अधिकार है विभाग को इसमें आगे आ कर बाकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जांच और की गई कार्यवाही की जानकारी देनी चाहिए। यदि विभाग ऐसा नही करता है तो कही न कही यह बात आम जनता के बीच घर करेगी कि हर बार की तरह इस बार भी जांच महज कागजो तक खाना पूर्ति के लिए कराई गई, और फिर से सब कुछ पहले जैसा हो जाएगा और फिर अगले अनियममता की तैयारी चालू हो जाएगी,यदि विभाग के अधिकारी ऐसा कुछ सोच रहे हैं तो ऐसा नही होने दिया जाएगा।

### बड़े अधिकारियों के मिली भगत का लगाया आरोप

अनित दुबे ने पार्क परिक्षेत्र पर बड़े अधिकारियों के भूमिका पर सवालिया निशान लगाया,दुबे ने कहा कि जब लगातार निर्माण गड़बड़ी हो रही थी तो बड़े अधिकारी क्या कर रहे थे, लगातार दौरा करने के बावजूद भी उन्हें यह सब दिखाई क्यों नही दिया इससे आम जनता के बीच अच्छा संदेश नही जा रहा है।

# सूरजपुर में अवैध प्रवासियों का हुआ चेकिंग अभियान, 500 व्यक्ति किए गए चेक,नहीं मिले अवैध प्रवासी

-संवाददाता-
सूरजपुर,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



जिले में अवैध रूप से निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने जांच का वृहद अभियान चलाया है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर पिछले एक सप्ताह से जिले के थाना-चौकी की कई पुलिस टीमों के द्वारा क्षेत्र में अवैध प्रवासियों की सघन जांच करने में लगी हुई है।

अवैध प्रवासियों की चेकिंग अभियान के लिए डीएसपी अनूप एक्का को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो अभियान के दौरान पुलिस टीम के साथ खुद भी सक्रियता से चेकिंग करते नजर आते है। इस अभियान में अभी तक 500 से अधिक लोगों की जांच पड़ताल की गई है। विश्रामपुर थाना क्षेत्र में ग्राम शिवनंदनपुर, फोकटपारा,रेलवे स्टेशन के पीछे दिगर प्रदेश से आकर रहने वाले लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड सहित अन्य पहचान आईडी देखा गया और उसकी तस्दीक कराई जा रही है। थाना सूरजपुर,भटगांव, जयनगर,प्रतापपुर,झिलमिली,चौकी बसदेई सहित सभी थाना-चौकी क्षेत्र में सूक्ष्मता से अवैध प्रवासी की चेकिंग पुलिस टीमों के द्वारा लगातार की जा रही है। डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यह अभियान जिले में विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने और बाहरी तत्वों पर नजर रखने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। आमजन से अपील की है कि अपने क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके और संबंधित की बारीकी से चेकिंग की जा सके। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है



कि बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की प्रक्रिया को गंभीरता से लेते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर सतत् नजर रखें।

# अवैध शराब और गांजा की तस्करी मामलों में दो गिरफ्तार





-संवाददाता-
खड़गवां,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

खड़गवां थाना अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ गांजा और अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तस्करी में शामिल 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है साथ ही उनके कब्जे से गांजा और शराब की जप्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वांडेगावकर और नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी दीपिका मिंज के द्वारा क्षेत्र में अवैध कार्यों पर सख्ती से कार्यवाही किये जाने और नशा विरोधी अभियान चलाये जाने का दिशा निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन मे थाना खडगवां पुलिस द्वारा मुखबिर की सुचना पर 28 अप्रैल 2025 को ग्राम पैनारी मेन रोड जंगल के पास प्रियांशु सिंह पिता प्रदीप सिंह जाति गोंड़ उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पैनारी महादेवपाली थाना खड़गवां जिला एम.सी.बी. (छ.ग.) के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टीक के झोला में 26 पाव गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब (कुल 04.680 लीटर) कीमत लगभग 3900 रुपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अन्य प्रकरण में उसी दिन मुखबिर की सुचना पर एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रावधानों के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुये, ग्राम अखरांडांड़ भुकभुकी तिराहा के पास घेराबंदी कर आरोपी सुलेश कुमार पिता रंग बहादुर सिंह जाति गोंड़ उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम करीलधोवा सलबा थाना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) के कब्जे मे रखे काले रंग की मोटर सायकल हीरो सुपर स्पलेण्डर क्र. सी. जी. 16 सी.आर. 2139 और उसकी डिक्की की तलाशी लेने पर डिक्की के अन्दर से 01 पैकेट प्लास्टीक के पन्नी मे रखा हुआ मादक पदार्थ गांजा करीब 02 किलो 195 ग्राम कीमत लगभग 30,000 रुपये को बरामद कर जप्त मादक पदार्थ गांजा को परिवहन करने में उपयोग किये जाने पर मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पलेण्डर क्र. सी. जी. 16 सी.आर. 2139 कीमत लगभग 50,000 रुपये कुल 80,000 रुपयों को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 20 बी एन.डी.पी.एस. एक्ट की कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड में भेज दिया गया है।

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी खडगवां विजय सिंह, सउनि. नईम खान, प्रधान आरक्षक हरीश शर्मा,आरक्षक अखिलेश

# अवैध शराब के विरुद्ध कोरबा पुलिस ने की सघन कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा,29 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में कोरबा पुलिस द्वारा जन शिकायतों के आधार पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा हे। इसी क्रम में थाना पाली पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए 87.5 लीटर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री करने वाले 03 आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली। कोरबा पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान दिनांक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 155.15 लीटर अवैध शराब एवं शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण जप्त किए गए।

आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत थाना पाली मे शालिकराम जांगड़े,निवासी नुनेरा बंजारा पारा पाली,दो महिला आरोपी,निवासी नायक मोहल्ला बाधाखार पाली,थाना बालको शत्रुघ्न चौहान, निवासी चेक पोस्ट ओएम कॉलोनी बालको,थाना हरदीबाजार महिला आरोपी, निवासी धतूरा हरदीबाजार,विनोद कश्यप,निवासी धतूरा हरदीबाजार, थाना उरगा महिला आरोपी, धनवार मोहल्ला कनकी उरगा,महिला आरोपी,धनवार मोहल्ला कनकी उरगा पर कि गई कार्यवाही वहीं

आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत,थाना दीपका महिला आरोपी,निवासी बनखेता सिरकी दीपका,महिला आरोपी, निवासी कसाईपाल दीपका, चौकी जटगा दिलहरण धनुहार आरोपी, निवासी छेवधरा जटगा, थाना पाली महिला आरोपी निवासी पानी टंकी मोहल्ला बांधाखार पाली पर कार्यवाही करते हुए सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक:, 202504020700183**

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2024-25
हर्राटिकरा प.ह.नं.00024[22/1 (0.6680हे.)]
पक्षकारों का विवरण:-
आवेदक पक्षकार-मनोज कुमार गुप्ता,
अनावेदक पक्षकार-मनोज कुमार, सनोज कुमार, राजीव कुमार,

**ईश्तहार**

आवेदक मनोज कुमार गुप्ता आ0 पृथ्वीनाथ साव निवासी नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम हर्राटिकरा स्थित भूमि खसरा नंबर 22/1 रकबा 0.668 हे0 भुमि के राजस्व अभिलेखों से पंजीबद्ध हक त्यागनामा दिनांक 11/03/2025 के माध्यम से अनावेदकगण का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/05/2025 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/04/2025 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक:, 202504020700184**

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2024-25
नमनाकला प.ह.नं.00020[484/137 (0.0360हे.)]
पक्षकारों का विवरण:-
आवेदक पक्षकार- मनोज कुमार गुप्ता,
अनावेदक पक्षकार- मनोज कुमार गुप्ता, सनोज कुमार गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता,

**ईश्तहार**

आवेदक मनोज कुमार गुप्ता आ0 पृथ्वीनाथ साव निवासी नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 484/137 रकबा 0.036हे0 भुमि के राजस्व अभिलेखों से पंजीबद्ध हक त्यागनामा दिनांक 20/03/2025 के माध्यम से अनावेदकगण का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/05/2025 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/04/2025 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक:, 202504020700185**

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2024-25
गंगापुरखुर्द प.ह.नं.00021[248/6 (0.0400 हे.)]
पक्षकारों का विवरण:-
आवेदक पक्षकार- माधुरी गुप्ता,
अनावेदक पक्षकार-अमृता गुप्ता,माधुरी गुप्ता,आरती गुप्ता,

**ईश्तहार**

आवेदक माधुरी गुप्ता पत्नी सनोज कुमार गुप्ता निवासी नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 248/6 रकबा 0.040 हे0 भुमि के राजस्व अभिलेखों से पंजीबद्ध हक त्यागनामा दिनांक 11/03/2025 के माध्यम से अनावेदकगण का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/05/2025 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/04/2025 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक:, 202504020700186**

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2024-25
गंगापुरखुर्द प.ह.नं. 00021[248/4 (0.0400 हे.)]
पक्षकारों का विवरण:-
आवेदक पक्षकार- राजीव कुमार गुप्ता,
अनावेदक पक्षकार- सनोज कुमार गुप्ता, राजीव कुमार,

**ईश्तहार**

आवेदक राजीव कुमार गुप्ता आ0 पृथ्वीनाथ साव निवासी नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 248/4 रकबा 0.040 हे0 भुमि के राजस्व अभिलेखों से पंजीबद्ध हक त्यागनामा दिनांक 11/03/2025 के माध्यम से अनावेदकगण का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/05/2025 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/04/2025 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार अंबिकापुर

**NAME CHANG**

It is written under the reference subject that my former name is Sharma Savita Kumari Sitaram, present name Savita Devi, wife of Govind Vishwakarma, Date of Birth-10.10.1990, House No-258 Namnakala Krishna nagar colony Ambikapur Surguja (C.G.) pin-497001, it is necessary to issue an advertisement tor making a passport, which you must publish in the Ambikapur edition of your daily newspaper before 05.05.2025 and provide me a copy of the newspaper, Am ready to pay the advertisement publication fee.

applicant
Savita Devi wife
Govind Vishwakarma

# क्या वन विभाग के अधिकारियों ने तस्करों को दे रखी है खुली छूट?

## कोरिया के देवगढ़ वन परिक्षेत्र एवं मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में अंधाधुंध अवैध कोल तस्करी

## वन विभाग गहरी नींद में या फिर जानबूझ कर अनजान बन दी मौन स्वीकृति

## सोनहत विकासखंड के वन क्षेत्रों में दर्जनों अवैध खदानें संचालित

-राजन पाण्डेय-
कोरिया/सोनहत, 29 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया वन मंडल एवं सोनहत विकासखंड सोनहत अंतर्गत वन क्षेत्रों में जंगलों के अंदर कोयले की अवैध रूप से कई खदानें संचालित है जहां सुरंग बना कर कोयला उत्खनन का कार्य जारी है। सूत्रों की माने तो सोनहत विकासखंड के देवगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत सिंहपानी, रावतसरई, दमुज, सुंदरपुर तर्रा,बसेर अकलासरई क्षेत्र शामिल है इसमें से तर्रा बसेर के जंगलों में कुछ ऐसे स्थान भी है जो मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल अंतर्गत आते हैं । वही सूत्र बताते है कि अकलासरई के आगे के कुछ स्थान भी मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल अंतर्गत ही आते हैं। मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल अंतर्गत बनिया नदी का इलाका भी अवैध कोल तस्करी से अछूता नही है यहां भी कोल तस्करी की खबरें सूत्रों के हवाले से आ रही हैं ।






घटती घटना — अम्बिकापुर,शनिवार 26 अप्रैल 2025

भागो-भागो भाजपा के जिलाध्यक्ष आए...

क्या पुलिस की नाकामी बता रहे हैं जिलाध्यक्ष?


घटती घटना — अम्बिकापुर,सोमवार 28 अप्रैल 2025

क्या भाजपा जिलाध्यक्ष के धुँआधार दौरों से कोल तस्कर सकते में?

### भाजपा जिलाध्यक्ष के अभियान के बाद कुछ स्थानों पर हुआ बन्द

भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के द्वारा जंगलों एवं अन्य जगह की अवैध खदानों से कोल तस्करी एवं परिवहन बन्द कराने का अभियान क्षेड़ने के बाद सोनहत के पथरगवा रावतसरई, बेलाई,जबकि बैकुंठपुर ब्लॉक के अंगा और आसपास के क्षेत्र से अवैध कोल तस्करी लगभग बन्द है लेकिन तर्रा बसेर बनिया नदी और आसपास के क्षेत्र में कोयला तस्करी अभी भी चालू है, जिलाध्यक्ष के अभियान के बाद कोल तस्कर परेशान तो हैं लेकिन उनके द्वारा अब अपना जगह बदल कर कार्य करने की तैयारी की जा रही है जिससे जिलाध्यक्ष को उसकी भनक न लगे।

### क्या कोयला तस्करी बन्द कराने की जिम्मेदारी सिर्फ जिलाध्यक्ष की?

कोयला तस्करी का काम लंबे समय से जारी है,ऐसे में वन विभाग के ऊपर भी कई प्रकार के गम्भीर सवाल खड़े होने लगे हैं आखिर इतने दिनों से वन विभाग कर क्या रहा था? क्या देवगढ़ वन परिक्षेत्र और कोरिया वन मण्डल कुंभकर्णी नींद सो रहा है?,क्या वन विभाग देवगढ़ के अधिकारियों को इसकी जानकारी पहले से थी, यदि थी तो विभाग मौन क्यों था,और यदि जानकारी नही थी तो सम्बंधित क्षेत्र के फारेस्ट गार्ड अभी तक क्या कर थे कि उन्हें पता तक नही चल पाया। बहरहाल जो भी हो पर वन विभाग देवगढ़ वन परिक्षेत्र के ऊपर कई प्रकार के गम्भीर सवाल खड़े हो रहे हैं, वर्तमान में जिलाध्यक्ष के अभियान के बाद भी विभाग अभी तक इन अवैध खदानों और सुरंगों की सुध लेने की फुर्सत नही है

### मनेन्द्रगढ़ वनमंडल में भी अवैध सुरंगे

मनेन्द्रगढ़ मण्डल के बनिया नदी आस पास के क्षेत्रों में भी अवैध रूप से कॉल तस्करी की जानकारी सूत्रों से मिली है, यहां भी यही सवाल खड़े होते हैं कि क्या कोरिया की तरह मनेन्द्रगढ़ वनमंडल भी कुंभकर्णी नींद सो रहा है या फिर यहां भी कोई बड़ा सिंडिकेट सक्रिय है।

### वन मण्डलाधिकारी से मिल कर बन्द कराएंगे अवैध खदानें: देवेंद्र

भजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि वन क्षेत्र की जिन जिन जगहों पर अवैध सुरंग/खदानों की जानकारी मिली थी वहां पर अवैध सुरंगों व खदानों को बन्द करा दिया गया है और जिन जगहों की जानकारी मिलेगी सभी जगहों को बन्द कराया जाएगा वनमण्डलाधिकारी से मुलाकात कर वन क्षेत्रों में इसके लिए विषेश अभियान चला कर कार्य किया जाएगा । और जिन लोगो के इन कार्यो में संलिप्तता पाई जाएगी उन्हें बक्शा नही जाएगा फिर चाहे वो रसूखदार हो या कोई सिंडिकेट हो सभी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी

### कोयला के साथ साथ ये मौत की भी सुरेंगे हैं पूर्व में हो चुकी है मौतें

जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि ये सिर्फ कोयला नही मौत की भी सुरंगे हैं जिनका इस्तेमाल अवैध कोयले के अंतरराज्जीय गिरोह के लोग अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं और गरीब मजदूरों को मौत के मुंह मे डालने का प्रयास कर रहे हैं। तिवारी ने बताया कि इससे पहले भी इन अवैध खदानों/सुरंगों में लोगो की मौत हो चुकी है, इस लिए इन सुरंगों के मुहानों को ही पूरी तरह बन्द कराने की कोशिस की जा रही है।

---


# अवैध निर्माण पर कमिश्नर की सख्ती क्या औपचारिक,कोरिया प्रशासन को 15 दिन में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का मिला निर्देश...


## दो माह में भी नहीं हुई प्रस्तुत?

### अवैध तरीके से नर्सिंग कॉलेज का भवन निर्माण जारी भू-तल की हुई ढलाई दूसरे की तैयारी...

### बिना भवन अनुज्ञा के ही हो रहा कॉलेज का निर्माण नगरी निवेश ने अनुमति देने से किया था इंकार...

### डॉ.प्रिंस जायसवाल की शिकायत पर प्रशासन ले लेता है दिलचस्पी पर उनके विरुद्ध हुई शिकायतों पर प्रशासन की सुस्ती क्यों?





-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,29 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

डॉ.प्रिंस जायसवाल अपनी जमीन पर व्यवसायिक प्रयोजन के तहत नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कर रहा हैं,इन्हें निर्माण से पहले नगरी निवेश कार्यालय से नक्शा पास कर के भवन निर्माण की अनुमति लेनी थी जो उन्होंने ली नहीं,लेने से पहले ही वहां पर इन्होंने निर्माण शुरू कर दिया था,जिसके बाद नगरी निवेश ने उन्हें भवन निर्माण की अनुमति देने से मना कर दिया, फिर भी वह नियम विरुद्ध तरीके से नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कर रहे हैं,भू तल की ढलाई हो चुकी है प्रथम ताले का निर्माण जारी है, जल्दी से जल्दी नियम विरुद्ध तरीके से निर्माण करने में लगे हुए हैं, शिकायतों के बाद भी कोरिया जिले का प्रशासन इन के कार्यवाही को लेकर सस्ती दिख रहा है ऐसा लग रहा है कि वह भी इनके प्रभाव में है, वही उनके द्वारा जब शिकायत की जाती है तो प्रशासन काफी चुस्ती के साथ कम पर लग जाता है, पर वही डॉक्टर प्रिंस जायसवाल के विरुद्ध यदि कोई शिकायत होती है तो उसमें प्रशासन सुस्त पड़ जाता है ऐसा शिकायतकर्ता का आरोप है।



शिकायतकर्ता प्रिंस जायसवाल के द्वारा नर्सिंग कॉलेज के अवैध निर्माण को लेकर शिकायत कोरिया कलेक्टर सहित नगरी निवेश को किया गया था पर उसे पर कार्यवाही नहीं हुई, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने संभाग आयुक्त को इसकी शिकायत की संभाग आयुक्त ने फरवरी में जांच के आदेश दिया और 15 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी पर आज 2 महीने बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई यहां तक की यहां तक की 4.30 हजार स्क्वायर फीट का भूतल ढला कर कंप्लीट हो गया और उसके ऊपर प्रथम तल का निर्माण शुरू हो गया,पर अभी तक जांच रिपोर्ट कोरिया जिले की प्रशासन नहीं दे पाई,वही सरगुजा संभाग आयुक्त कार्यालय, अम्बिकापुर द्वारा बैकुंठपुर के एम.एल.ए. नगर निवासी डॉ. प्रिंस जायसवाल के खिलाफ शिकायत के आधार पर कलेक्टर कोरिया को 15 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया गया है जूनापारा,वार्ड क्रमांक 20, बैकुंठपुर निवासी संजय जायसवाल द्वारा प्रस्तुत शिकायत में आरोप लगाया गया है कि डॉ. प्रिंस जायसवाल द्वारा ग्राम केनापारा स्थित खसरा नंबर 225/1, रकबा 0.364 हेक्टेयर भूमि पर नियमों को दरकिनार करते हुए व्यवसायिक प्रयोजन हेतु नर्सिंग कॉलेज भवन का निर्माण किया जा रहा है। शिकायत में उल्लेख है कि उक्त निर्माण के लिए नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय,कोरिया में आवेदन किया गया था जिसे सहायक संचालक द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया था। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी है। सूत्रों के अनुसार, संबंधित भूमि पर बिना स्वीकृति के निर्माण कार्य जारी रहने पर उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत चरितार्थ होती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि प्रशासन की ओर से नोटिस चस्पा किए जाने के बावजूद निर्माणकर्ता ने आदेशों की अवहेलना की है और लगातार उच्च न्यायालय जाने की धमकी दे रहा है। शिकायतकर्ता संजय जायसवाल ने कहा कि अब जब कमिश्नर कार्यालय से स्पष्ट निर्देश आ गया है, तो कोरिया जिला प्रशासन को तत्काल पुलिस बल के सहयोग से निर्माण पर रोक लगानी चाहिए और नियमानुसार सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

---

# सोनहत के कदना बंधापाठ जलाशय का गेट पोल गिरा दीवार भी धंसी,किसानों को कैसे मिलेगा पानी

**वेस्ट वियर का गेट पोल और जलाशय की दीवार धसे हुआ एक साल पर विभाग को नही है सुध**

**जलाशय का पूरा पानी जा रहा बाहर,ऐसे में किसानों को बरसात में खेती के समय होगी पानी की दिक्कत**

**नहर मरम्मत का कार्य भी हुआ घटिया,किसानों ने कहा ज्यादा दिन नही टिकेगी नहर**




-राजन पाण्डेय-
कोरिया/सोनहत,29 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के ग्राम पंचायत चन्दहा के ग्राम कदना में निर्मित बंधापाठ जलाशय की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है आलम है कि वेस्ट वियर का गेट पोल टूटे और जलाशय की दीवार धसे लगभग साल भर होने को है लेकिन विभाग अभी तक कुंभकर्णी नींद सो रहा है, ग्रामीणों और किसानों की माने तो कई बार इस सबन्ध में प्रशासन को अवगत कराया गया लेकिन विभाग ग्रामीणों के मांग को सीधे सीधे अनसुना कर देता है।




### ऐसे में बारिश में भी नही रुकेगा पानी

किसान नेता सुरेंद्र पावले ने बताया कि जलाशय की स्थिति बहुत ही खराब है कुछ ही दिनों में वर्षा ऋतु आने वाली हैं वर्षा के पानी से इस जलाशय में जलभराव होता हैं जिससे कदना,नावाटोला के किसानों को खेती के समय में सिंचाई के लिए पानी मिलता है है,लेकिन जलाशय की स्थिति काफी खराब होने से इस वर्ष पानी की समस्या हो सकती हैं किसानों का कहना है कि इस वर्ष जलाशय की स्थिति काफी खराब होने से लगता हैं सभी किसानों का खेती का कार्य नहीं हो पाएगा।

### किसानों को लेकर जलसंसाधन विभाग के सामने देंगे धरनाःपुष्पेंद्र राजवाड़े

जिला कॉग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री पुष्पेंद्र राजवाड़े ने जलसंसाधन विभाग पर किसानों की उपेक्षा और नहर का घटिया निर्माण का आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त जलाशय से लगभग 200 किसान लाभान्वित होते थे और 400 हेक्टेयर में सिंचाई होती थी लेकिन विभाग इतना लापरवाह है कि बांध की दीवार धसे और गेट टूटे साल भर हो गए अभी तक कोई मरम्मत नही कराया गया है, बरसात में बांध का पूरा पानी बाहर निकल जायेगा तो किसान क्या करेंगे, उनका जीविकोपार्जन कैसे होगा,किसानों को खेती के लिए अभी से उस बांध को लेकर चिंताएं साफ नजर आ रही है,पुष्पेंद्र राजवाड़े ने कहा कि अभी एक माह से अधिक का समय शेष है विभाग चाहे तो मरम्मत कार्य कराया जा सकता और किसानों कि समस्या हल हो सकती है।

### नहर निर्माण कार्य घटिया करने का आरोप

कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र राजवाड़े ने इसी बांध के नहर मरम्मत कार्य को घटिया करने का आरोप लगाते हुए कहा कि क्या विष्णु के सुशासन तिहार में किसानों को न्याय नही मिलेगा, घटिया निर्माण की जांच होगी या नही यह देखने वाली बात होगी, लेकिन किसानों हित के लिए वो स्वयं कलेक्टर महोदया को ज्ञापन सौपेंगे और बांध का गेट मरम्मत नही होने पर जल संसाधन विभाग के सामने किसानों के साथ विरोध प्रदर्शन किया जावेगा।

# 14 साल के बच्चे की धुआंधार बल्लेबाजी से गदगद हुए नीतीश



### वैभव सूर्यवंशी को इनाम में मिलेंगे 10 लाख रुपये

**जयपुर,29 अप्रैल 2025।** राजस्थान रॉयल्स के 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 28 अप्रैल को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों पर शतक लगाकर इतिहास रच दिया। वह अब आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में वैभव ने युसूफ पठान का रिकॉर्ड तोड़ा। युसूफ ने साल 2010 में 37 गेंदों में शतक लगाया था।

सूर्यवंशी ने अपनी इस पारी के दौरान ऐसे-ऐसे शॉट लगाए जिसे देखकर सभी लोग हैरान रह गए। RR और GT के बीच खेले गए मैच के बाद क्रिकेट जगत में सिर्फ सूर्यवंशी की बातें हो रही हैं। उनकी इसी पारी के बदौलत राजस्थान ने 210 रनों के टारगेट को 25 गेंद और आठ विकेट रहते हासिल कर लिया। वैभव की इस पारी को देखने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी खुद को उनकी तारीफ करने से रोक नहीं पाए। उन्होंने वैभव के लिए एक ट्वीट किया जिसमें उन्होंने इनाम देने का भी ऐलान किया।

### नीतीश कुमार ने वैभव सूर्यवंशी के लिए किया ट्वीट

नीतीश कुमार ने लिखा कि आईपीएल के इतिहास में सबसे कम उम्र (14 साल) में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने बिहार के वैभव सूर्यवंशी को बधाई एवं शुभकामनाएं। वे अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उन पर गर्व है। नीतीश कुमार ने आगे लिखा कि मैंने 2024 में ही उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दे दी थी। उन्होंने लिखा कि वैभव सूर्यवंशी एवं उनके पिता जी से वर्ष 2024 में मुलाकात हुई थी और उसी समय मैंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद फोन पर बातचीत कर उन्हें बधाई भी दी। इसके साथ ही नीतीश कुमार ने यह भी ऐलान किया कि वैभव सूर्यवंशी को राज्य सरकार की तरफ से 10 लाख रूपए का इनाम दिया जाएगा।

### बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने भी की वैभव की तारीफ

इसी बीच बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने भी वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की है। राजस्थान और गुजरात के बीच खेले गए मैच के बाद राकेश तिवारी ने कहा कि वैभव ने एक बार फिर बिहार और पूरे देश का नाम रोशन किया है। सिर्फ 14 साल की उम्र में आईपीएल इतिहास में सबसे तेज भारतीय शतक बनाना वास्तव में असाधारण उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा कि वह हमेशा से मानते थे कि वैभव एक महान खिलाड़ी बनेंगे और आज उन्होंने उस दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। यह तो केवल एक असाधारण सफर की शुरुआत है।

## वैभव सूर्यवंशी के शतक के बाद देखने लायक था राहुल द्रविड़ का रिएक्शन,व्हील चेयर छो कुछ इस तरह से मनाया जश्न

आईपीएल 2025 के 47वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को 8 विकेट से हराया। राजस्थान के लिए इस जीत के हीरो वैभव सूर्यवंशी रहे। उनके रिकॉर्ड तोड़ शतकीय पारी के बदौलत राजस्थान ने 210 रनों का लक्ष्य 8 विकेट शेष रहते हासिल किया। वैभव ने इस मुकाबले में शतक लगाकर कई सारे रिकॉर्ड्स तोड़ डाले। वह आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।



### वैभव के शतक पर राहुल द्रविड़ का रिएक्शन हुआ वायरल

वैभव ने इस मैच में 35 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने सिर्फ 38 गेंदों में 265.78 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 101 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने सात चौके और 11 छक्के जड़ दिए। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वैभव का शतक को सेलिब्रेट करने के लिए राहुल द्रविड़ अपनी व्हीलचेयर से उठते हुए नजर आ रहे हैं। जब वैभव ने अपना शतक पूरा किया तब राहुल द्रविड़ अपनी व्हील चेयर से उठ गए और उनकी सेंचुरी को सेलिब्रेट करने लगे। पैर में चोट के बावजूद टीम के हेड कोच अपनी जगह पर खड़े होकर वैभव के शतक पर जश्न मनाते और ताली बजाते हुए नजर आए। सूर्यवंशी के सेंचुरी के सेलिब्रेशन में राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच राहुल द्रविड़ इतना खो गए कि वे भूल ही गए कि उनके पैर में कोई चोट भी लगी है।

### वैभव सूर्यवंशी ने लगाई रिकार्ड्स की झड़ी

14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने इस शतकीय पारी के साथ कई रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने युसूफ पठान का 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। वैभव आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। 2010 में युसूफ पठान ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 37 गेंदों पर शतक लगाया था और वह इस टूर्नामेंट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय थे। युसूफ का वो रिकॉर्ड अब वैभव ने तोड़ दिया है। आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है जिन्होंने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 30 गेंदों पर शतक लगाया था।

## पापा का काम छूटा,बहुत मुश्किल से चलता था घर,किन हालात में वैभव सूर्यवंशी बने क्रिकेटर



28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 35 गेंदों में शतक लगाया। इस शतकीय पारी के बाद वैभव सूर्यवंशी ने अपना नाम रिकॉर्डबुक में दर्ज करवा लिया है। वहीं मैच खत्म होने के बाद आईपीएल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वैभव का एक इंटरव्यू शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने परिवार के संघर्ष की कहानी बताई है। वैभव ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उनको और उनके परिवार को किन-किन मुश्किल हालातों से गुजरना पड़ा।

### फैमली ने किया वैभव का सपोर्ट

मैच के बाद आईपीएल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। उस वीडियो में वैभव ने बताया कि आज वह जो कुछ भी हैं वो अपने माता-पिता की वजह से हैं। उनकी मां रोज सुबह जल्दी उठकर उनका टिफिन तैयार करती थीं ताकि वह प्रैक्टिस करने जा सकें। वैभव ने बताया कि उनकी मां सिर्फ तीन घंटे सोती थी। वैभव के पापा ने अपना काम छोड़ दिया ताकि उनका करियर बन सके। अब उनका बड़ा भाई उनका काम संभाल रहा है। उनके परिवार ने काफी मुश्किल समय देखे हैं। उन्होंने बताया कि आज उन्होंने जो भी सफलता हासिल की वो सब माता-पिता के त्याग के कारण ही संभव हो पाया है।

### शतकीय पारी को लेकर वैभव ने दिया बड़ा बयान

अपने ऐतिहासिक शतकीय पारी को लेकर वैभव ने कहा कि वह बहुत दिन से इस पारी की तैयारी कर रहे थे और आज जब रिजल्ट मिला तो उन्हें अच्छा लगा। वह आने वाले मैचों में और भी अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वह हमेशा ही टीम के लिए कंट्रीब्यूट करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह आईपीएल में उनका पहला शतक है और टूर्नामेंट में यह उनकी तीसरी पारी थी। टूर्नामेंट से पहले जो प्रैक्टिस की थी, उसका अब उन्हें अच्छा नतीजा मिल रहा है। वह बस गेंद को देखकर खेलने की कोशिश करते हैं। वैभव ने आगे बताया कि यशस्वी जायसवाल के साथ बैटिंग करना उन्हें अच्छा लगता है। वह उन्हें समझाते हैं कि क्या करना है और दोनों के बीच पॉजिटिव बातें होती हैं। आईपीएल में शतक बनाना उनका सपना था और आज वह पूरा हो गया। उन्हें कोई डर नहीं लगता। वह बस एक बार में एक मैच खेलने और वहां अच्छा प्रदर्शन करने पर ध्यान देते हैं।

## संक्षिप्त खेल खबर

### बीसीसीआई ने रविचंद्रन अश्विन को पद्म श्री मिलने पर दी बधाई

**नई दिल्ली,29 अप्रैल 2025।** रविचंद्रन अश्विन को सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म श्री से सम्मानित किया । बीसीसीआई ने अश्विन को बधाई दी और भारतीय



क्रिकेट में उनकी उपलब्धियों और योगदान को याद किया । बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित होने पर अश्विन को बधाई, उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और टीम इंडिया के साथ एक शानदार करियर का सम्मान करते हुए । बीसीसीआई अश्विन ने टीम इंडिया के लिए सभी प्रारूपों में कई यादगार जीत में अहम भूमिका निभाई है । उनकी निरंतरता, मैच जीतने वाले प्रदर्शन और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें पिछले कुछ वर्षों में कई पुरस्कार दिलाए हैं, जिनमें अर्जुन पुरस्कार और आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर का खिताब शामिल है।

### एसएससीबी,हरियाणा ने पुरुष, महिला वर्ग में टीम स्वर्ण जीता

**चंडीगढ़,29 अप्रैल 2025।** सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ( एसएससीबी ) और हरियाणा ने सातवें युवा पुरुष और महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप



2025 में रिंग पर अपना दबदबा बनाया। एस एस सीबी ने पुरुष वर्ग में टीम स्वर्ण जीता, जबकि हरियाणा ने महिला वर्ग में ताज हासिल किया। ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित एक सप्ताह तक चलने वाला यह आयोजन प्रतिष्ठित अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालीफायर भी था। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि स्वर्ण पदक जीतने वाले बीस उत्कृष्ट पुरुष और महिला मुक्केबाजों ने आगामी आयोजन के लिए क्वालीफाई किया।

# प्रतीका रावल ने किया जोरदार धमाका



### वनडे क्रिकेट में बना दिया ये विश्व कीर्तिमान...

**नई दिल्ली,29 अप्रैल 2025।** प्रतीका रावल भारतीय महिला क्रिकेट का नया उभरता हुआ नाम हैं। अभी उन्हें भारत के लिए डेब्यू किए ज्यादा वक्त नहीं हुआ है,लेकिन इतने कम समय में ही उन्होंने कई सारे कीर्तिमान अपने नाम कर लिए हैं। अब जबकि भारतीय टीम त्रिकोणीय सीरीज खेल रही है, उस दौरान उन्होंने एक विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने जो काम किया है, वो अभी तक भारत की ओर से कोई भी महिला क्रिकेटर नहीं कर पाई थी। अब प्रतीका रावल वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 500 रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में ये उपलब्धि हासिल की है।

### प्रतीका ने जड़ा शानदार अर्धशतक

भारतीय टीम की नई सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल वनडे क्रिकेट में शानदार बल्लेबाजी कर रही हैं। मंगलवार का दिन उनके लिए हमेशा के लिए यादगार बन गया। भारतीय टीम इस वक्त श्रीलंका में तीन देशों की त्रिकोणीय सीरीज खेल रही है। इसके दूसरे मुकाबले में भारत का मुकाबला साउथ अफ्रीका से हुआ। उन्होंने वनडे क्रिकेट में 500 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अपनी आठवीं वनडे पारी में ही ये मुकाम हासिल कर लिया है। प्रतीका रावल को ये कीर्तिमान बनाने के लिए इस मैच में केवल 6 रनों की जरूरत थी। लेकिन इसके बाद भी उनकी पारी जारी रही और उन्होंने शानदार अर्धशतक जड़ा है। ये लगातार पांचवां अर्धशतक है, इससे उनके फार्म में बारे में आसानी से जाना जा सकता है।

### चार्लोट एडवर्ड्स का विश्व रिकॉर्ड हुआ ध्वस्त

प्रतीका रावल से पहले महिला क्रिकेट में सबसे तेज 500 वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स के नाम था, जिन्होंने अपनी नौवीं वनडे पारी में 500 रन बनाए थे,लेकिन अब प्रतीका उनसे आगे निकल गई हैं। प्रतीका रावल ने 91 बॉल पर 78 रनों की शानदार पारी खेली,इसमें सात चौके और एक छक्का शामिल रहा। प्रतीका के अलावा इस मुकाबले में कोई भी भारतीय खिलाड़ी 50 का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। हालांकि इसके बाद भी भारतीय टीम ने 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 276 रन बना लिए हैं।

### ऐसी रही भारतीय टीम की बल्लेबाजी

भारत की दूसरी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 54 बॉल पर 36 रनों की पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 48 बॉल पर 41 रन बनाए, वहीं जेमिमा रोड्रिग्स के 32 बॉल पर 41 रन और रिचा घोष के 14 बॉल पर 24 रन की बदौलत आखिरी के ओवर्स में भारतीय टीम तेजी से रन बनाने में कामयाब रही। भारतीय महिला क्रिकेट टीम इससे पहले इस टूर्नामेंट में श्रीलंका का 9 विकेट से हराने में सफल रही थी, हालांकि वो मुकाबला बारिश के कारण कम ओवर का कर दिया गया था।

### वनडे में सबसे तेज 500 रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर

प्रतीका रावल (भारत): 8 पारी
शार्लोट एडवर्ड्स (इंग्लैंड) :9 पारी
कैथरीन ब्राइस (स्कॉटलैंड) : 10 पारी निकोल बोल्टन (ऑस्ट्रेलिया):11 पारीवेंडी वॉटसन (इंग्लैंड) : 12 पारीबेलिंडा क्लार्क (ऑस्ट्रेलिया) : 12 पारी



## वोल्वार्ड्ट सही शुरुआत के लिए तैयार

**दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच के लिए तैयार**

**कोलंबो,29 अप्रैल 2025।** लॉरा वोल्वार्ड्ट का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका अच्छी तरह से तैयार है और मंगलवार को कोलंबो में महिला टी 20 त्रिकोणीय सीरीज के अपने पहले मैच में भारत का सामना करने के लिए सही शुरुआत करने के लिए तैयार है। इस मुकाबले की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बात करते हुए, प्रोटियाज कप्तान ने टूर्नामेंट में अभी तक कोई मैच नहीं खेलने के बावजूद अपनी टीम की तैयारियों पर भरोसा जताया। हमने अच्छी तैयारी की है। पिछले कुछ महीनों में हमारे पास कुछ शिविर थे, जहाँ हमने खेल के समय को दोहराने के लिए परिदृश्य-प्रकार की चीजें कीं,जो हमारे पास नहीं थी। उम्मीद है कि हम कल सही शुरुआत कर पाएंगे,वोल्वार्ड्ट ने कहा।

जबकि दक्षिण अफ्रीका अपने अभियान की शुरुआत करने वाला है,भारत पहले से ही लय में है,जिसने रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में मेजबान श्रीलंका को नौ विकेट से हराया था। इस प्रकार हरमनप्रीत कौर की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई होगी और हालिया इतिहास उनके पक्ष में है...भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पिछले 31 वनडे मैचों में से 18 जीते हैं। फिर भी, दक्षिण अफ़्रीकी खेमा उत्साहित है,खासकर मुख्य कोच मंडला माशिम्बी के नेतृत्व में त्रिकोणीय श्रृंखला की नई शुरुआत के साथ। यह टूर्नामेंट माशिम्बी के तहत उनका पहला पूर्ण दौरा है,जिन्होंने पहले ही टीम पर अपनी छाप छोड़ दी है।



# आगामी मैचों पर ध्यान देने की जरूरत है:हर्षित राणा

**नई दिल्ली,29 अप्रैल 2025।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने मंगलवार को अपने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में दिल्ली कैपिटल का सामना करने के लिए अपनी टीम की वापसी करने की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। सोमवार के प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, राणा ने अपनी हालिया हार को पीछे छोड़ने और भविष्य की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर जोर दिया। जितना अधिक हम अपने पिछले दो परिणामों को पीछे छोड़ते हैं, उतना ही हमारे लिए बेहतर होगा। क्योंकि एक टीम के रूप में, हम नीचे जाएंगे यदि हम उन खेलों को बहुत गंभीरता से लेते हैं। हमें भविष्य में सभी मैच जीतने होंगे, केकेआर की रिलीज के अनुसार राणा ने कहा। युवा तेज गेंदबाज ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम की पिच की स्थिति के बारे में जानकारी साझा की । इस पिच पर आमतौर पर उछाल कम होता है। अगर आप उनके पिछले मैच को देखें, तो गेंद धीमी गेंदों पर ग्रिप कर रही थी 7 व्यक्तिगत रूप से, इस सत्र में अपने प्रदर्शन में सुधार की गुंजाइश को स्वीकार करते हुए, राणा ने अपनी गेंदबाजी तकनीकों के विकास पर चर्चा की। उन्होंने कहा, रिवर्स स्विंग बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। इसके अलावा, हम अब लार का उपयोग कर सकते हैं। इससे हमें डेथ बॉलिंग में मदद मिलती है। पेसर ने टीम के सहयोगी स्टाफ की भी खूब तारीफ की, खास तौर पर अभिषेक नायर की वापसी पर प्रकाश डाला ।राणा ने निष्कर्ष निकाला, वह बहुत ही चतुर दिमाग वाला है। वह क्रिकेट का अध्ययन करता है और हमारे भारतीय कोर को भी अच्छी तरह से जानता है। उन्होंने कहा कि नायर की मौजूदगी ने खेल के प्रति उनके अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। मौजूदा सत्र में नौ मैच खेलने के बाद, केकेआर ने तीन जीत दर्ज की हैं।

# डीडी नेक्स्ट लेवल का ट्रेलर आज से




संथानम की आगामी फिल्म डीडी नेक्स्ट लेवल की 16 मई को रिलीज होने के साथ, निर्माताओं ने सोमवार को एक बड़ी घोषणा की। फिल्म का ट्रेलर 30 अप्रैल को जारी किया जाएगा। डीडी नेक्स्ट लेवल का निर्देशन प्रेम आनंद ने किया है, जिन्होंने फ्रेंचाइजी में संथानम की पिछली फिल्म डीडी रिटर्न्स का भी निर्देशन किया था। फिल्म का निर्माण अभिनेता आर्य ने अपने बैनर द शो पीपल के तहत किया है और निहारिका एंटरटेनमेंट द्वारा सह-निर्मित है। कलाकारों में सेल्वाराघवन, गौतम वासुदेव मेनन, गीतिका, यशिका आनंद, मारन, निझालगल रवि, कस्तूरी शंकर, राजेंद्रन और अन्य शामिल हैं। जबकि कथानक को गुप्त रखा गया है, किस्सा 47 नामक एक गीत संकेत देता है कि संथानम एक भयभीत फिल्म आलोचक की भूमिका निभाते हैं, जिसे निर्माता नापसंद करते हैं। कथित तौर पर कहानी एक क्रूज जहाज पर शुरू होती है और एक द्वीप पर सामने आती है। फिल्म में ऑफ्रो द्वारा संगीत, दीपक कुमार पाधी द्वारा छायांकन और बरथ विक्रमन द्वारा संपादन किया गया है। डीडी नेक्स्ट लेवल तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज़ होगी। ढिल्लुकु धुड्डू फ्रैंचाइज़ की शुरुआत 2016 में रामभला की ढिल्लुकु धुड्डू से हुई थी, इसके बाद 2019 में ढिल्लुकु धुड्डू 2 और 2023 में प्रेम आनंद द्वारा निर्देशित डीडी रिटर्न्स आई। तीनों ही फ़िल्में बॉक्स ऑफ़सि पर सफल रहीं, जिससे इस अगली किस्त के लिए उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# फोटो में नजर आ रहा ये बच्चा जहां खड़ा हो जाए लाइन वहीं से शूरू होती है,5 दशक से है बॉलीवुड पर राज



राज कपूर से लेकर दिलीप कुमार तक,हिंदी सिनेमा में कुछ ऐसे कलाकार हुए जिन्होंने अपने अभिनय और चार्मिंग पर्सनालिटी के दम पर सालों इंडस्ट्री और दर्शकों के दिलों पर राज किया। इन स्टार्स ने सालों दर्शकों को एंटरटेन किया। फोटो में नजर आ रहा ये बच्चा भी सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। ये फिल्मी दुनिया के वो कलाकार हैं, जिनका एक डायलॉग आज भी खूब बोला जाता है। ये डायलॉग था...जहां हम खड़े हो जाते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है। ये आइकॉनिक डायलॉग हिंदी सिनेमा में आज भी अमर है। ये जिस फिल्म का डायलॉग है उस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी और फोटो में जो बच्चा नजर आ रहा है, उसने फिल्म इंडस्ट्री को कई हिट,सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं और 82 साल की उम्र में भी लगातार एक्टिव हैं। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि फोटो में नजर आ रहा ये बच्चा कौन है। जी हां, फोटो में नजर आ रहा ये बच्चा कोई और नहीं बल्कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन हैं।

### अमिताभ बच्चन की चाइल्डहुड फोटो वायरल हो रही है

अमिताभ बच्चन को यूं ही सदी का महानायक नहीं कहा जाता। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को अपनी जिंदगी के 55 साल से ज्यादा का समय दिया है और इन सालों में हिंदी सिनेमा को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। पिछले साल रिलीज हुई कल्कि 2898 एडी ने भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन भी बहुत अहम रोल में थे। प्रभास और दीपिका स्टारर इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अस्वत्थामा की भूमिका निभाई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर वर्ल्डवाइड 1035 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था और भारत में इसकी कमाई 640.63 करोड़ रुपये थी।

### अभिषेक बच्चन ने शेयर की थी फोटो

अमिताभ बच्चन की इस फोटो की बात करें तो बिग बी की ये फोटो अभिषेक बच्चन ने 5 साल पहले उनके 78वें जन्मदिन पर शेयर की थी और अपने पिता को जन्मदिन की बधाई दी थी। ये फोटो अमिताभ बच्चन के बचपन की फोटो है, जिसमें वह मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस फोटो में बिग बी व्हाइट कलर की शर्ट पहने काफी क्यूट लग रहे हैं। अमिताभ बच्चन की ये फोटो ब्लैक एंड व्हाइट मगर हल्की ब्लर है, लेकिन फिर भी उनके चेहरे की मुस्कान उनके फैंस का दिल जीत रही है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### साय कैबिनेट की अहम बैठक आज



**रायपुर,29 अप्रैल 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार 30 अप्रैल 2025 को सुबह 11.30 बजे अटल नगर, नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में राज्य मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में कई बड़े और नीतिगत फैसलों पर मुहर लगने की संभावना है।

### छत्तीसगढ़ में लिफ्ट और एस्केलेटर की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला

**अब 30 दिन में मिलेगी जरूरी सेवाएं**



**रायपुर,29 अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में लिफ्ट और एस्केलेटर की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। अब सभी लिफ्ट और एस्केलेटर का पंजीकरण, नवीनीकरण और निरीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### किरण सिंहदेव ने प्रेस कांफ्रेंस में दी अहम जानकारी



**रायपुर,29 अप्रैल 2025(ए)।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर छत्तीसगढ़ में भाजपा जनजागरण अभियान चलाएगी। इस अभियान को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि,बीजेपी पूरे प्रदेश में जनजागरण अभियान चलाएगी और मुस्लिम समाज के बीच पहुंचेगी। इसके लिए 1 से 10 मई तक अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बताया, 1 मई को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बीजेपी की कार्यशाला भी होगी,जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह,मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सभी मंत्री,सांसद,विधायक शामिल होंगे।

# 10 नई क्रांतिकारी सुविधाओं का हुआ शुभारंभ




## मंत्री ओपी चौधरी ने किया बड़ा ऐलान...

**रायपुर,29 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के वाणिज्य कर (पंजीयन) मंत्री ओपी चौधरी ने मंत्रालय महानदी भवन में पंजीयन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पिछले एक वर्ष में हुए सुधारों, पंजीयन दस्तावेजों की स्थिति,राजस्व संग्रहण, डाटा डिजिटाइजेशन, और फील्ड स्तर की समस्याओं पर चर्चा हुई।

मंत्री ने अधिकारियों को जन सुविधाओं का प्रचार-प्रसार करने और पंजीयन कार्यालयों में फ्लैक्स-बैनर लगाने के निर्देश दिए ताकि अधिक लोग इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में महानिरीक्षक पंजीयन पुष्पेंद्र मीणा सहित सभी जिला पंजीयक और उप पंजीयक मौजूद थे।

### राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय योगदान

पंजीयन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2,979 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18.86 प्रतिशत अधिक है। रायपुर,दुर्ग और बिलासपुर जिले दस्तावेजों की संख्या और राजस्व प्राप्ति में शीर्ष पर रहे। मंत्री चौधरी ने इस उपलब्धि के लिए विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की।

### तकनीकी सुदृढ़ीकरण के लिए नए कदम

मंत्री ने बताया कि विभाग को तकनीकी रूप से मजबूत करने के लिए सेटअप का पुनरीक्षण कर नए पद सृजित किए गए हैं। इससे दस्तावेजों की जांच और पंजीयन प्रक्रिया में सुविधा होगी। उन्होंने आधार आधारित प्रमाणीकरण, डिजीटल लॉकर, फेसलेस रजिस्ट्री, और ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन जैसे नवाचारों को शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए।

### 10 नई क्रांतिकारी सुविधाएं

- आधार आधारित प्रमाणीकरण की सुविधाः पक्षकारों की बायोमैट्रिक पहचान के जरिए रजिस्ट्री में फर्जीवाड़ा रोकने की व्यवस्था की जा रही है।
- .ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड सुविधाःखसरा नंबर से पूर्व पंजीकृत रजिस्ट्री का ऑनलाइन अवलोकन और डाउनलोड की सुविधा।
- .भारमुक्त प्रमाण-पत्रः संपत्ति पर किसी भार या बंधक की जानकारी ऑनलाइन प्रमाण-पत्र के माध्यम से उपलब्ध होगा।
- .एकीकृत कैशलेस भुगतान प्रणालीःस्टांप ड्यूटी और पंजीयन शुल्क का संयुक्त कैशलेस भुगतान की सुविधा।
- .व्हाट्सएप मैसेज सेवाः पंजीयन से संबंधित अपडेट्स की रियल टाइम जानकारी व्हाट्सएप पर जानकारी प्राप्त हो सकेगी।
- .डिजी लॉकर सुविधाः रजिस्ट्री दस्तावेजों का डिजिटल भंडारण और एक्सेस।
- .ऑटो डीड जनरेशनः दस्तावेजों का स्वतः ऑनलाइन निर्माण और प्रस्तुतिकरण।
- .डिजी डॉक्यूमेंट सेवाः शपथ पत्र, अनुबंध आदि गैर-पंजीकृत दस्तावेजों का ऑनलाइन निर्माण।
- .घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधाः ऑनलाइन विलेख निर्माण, साक्षात्कार और पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। होम विजिट के माध्यम से पंजीयन कराये जाने की सुविधा तथा तत्काल आपाइंटमेंट सहित पारिवारिक दान, हक त्याग आदि में पंजीयन फीस मात्र 500 रूपए लिये जाने का प्रावधान है।
- .स्वतः नामांतरण सुविधाः रजिस्ट्री के बाद स्वचालित रूप से राजस्व अभिलेखों में नामांतरण की सुविधा होगी। यह आम नागरिकों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण सुधार है, इससे पक्षकारों को विचौलियों से मुक्ति के साथ नामातंरण की लंबी प्रक्रिया से होकर गुजरना नहीं पड़ेगा। समय और श्रम के साथ आर्थिक बोझ भी कम होगा।

## छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी हुई पूरी

# यूपीएससी मेंस पास करने वालों को मिलेगी एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि

### सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर आदेश जारी



**रायपुर,29 अप्रैल 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को अमलीजामा पहनाते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। यूपीएससी सिविल सेवा (मेंस) परीक्षा पास करने वाले प्रदेश के युवाओं को ₹1 लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसका उद्देश्य मेधावी छात्रों को सिविल सेवा की अंतिम चयन प्रक्रिया में सहयोग देना है।

### नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है। यह प्रोत्साहन राशि महापौर सम्मान निधि के अंतर्गत दी जाएगी। विभाग का कहना है कि इससे प्रतिभाशाली छात्रों को तैयारी के लिए आर्थिक सहायता मिलेगी जिससे वे इंटरव्यू स्तर तक और बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

### महापौर सम्मान निधि से मिलेगा लाभ

इस योजना के तहत राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में रहने वाले उन अभ्यर्थियों को जो यूपीएससी मेंस परीक्षा पास करते हैं, उन्हें ₹1 लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह राशि 'महापौर सम्मान निधि' के माध्यम से प्रदान की जाएगी जो नगरीय प्रशासन के विशेष कोष से चलाई जाती है।

## नगरीय निकायों को महापौर,अध्यक्ष और पार्षद निधि के तहत 103 करोड़ रुपए जारी



**रायपुर,29 अप्रैल 2025(ए)।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर निगमों में महापौर निधि,नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अध्यक्ष निधि तथा तीनों तरह के निकायों में पार्षद निधि के रूप में 103 करोड़ रुपए जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने नगरीय निकायों को ये राशि जारी कर दी है। उन्होंने नगरीय निकायों को इन निधियों का सदुपयोग करते हुए राज्य की शहरी आबादी तक यथाशीघ्र योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। इस राशि से निकायों में मूलभूत विकास के कार्य किए जाएंगे।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)